वर्ष : 33 ▸ अंक : 347 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 4 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## कोकाटे पर फैसला विधानमंडल या राज्यपाल लेंगे: सीएम फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराए गए राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के भविष्य का फैसला विधानमंडल या राज्यपाल लेंगे। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेश के बाद ही इस पर कोई निर्णय होगा।



# सरकार ने पेश की 6,486 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें

- अब तक 3,12,000 सौर पंप लगाए गए, 119 सौर पंप चालू किए गए
- 26 लाख ग्रामीण महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाने का लक्ष्य
- 20 महानगर पालिकाओं के लिए 1290 बसें मंजूर
- सरकार ने विभिन्न समाज की उन्नति के लिए 18 महामंडलों की स्थापना की

**अमित बृज | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से मुंबई में शुरू हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन 6,486 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें पेश कीं। वित्त विभाग का प्रभार संभालने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अनुपूरक मांगें पेश कीं। अनुपूरक मांगें बजटीय आवंटन के अलावा सरकार द्वारा मांगी गई अतिरिक्त धनराशि हैं। राज्य का बजट 10 मार्च को पेश किया जाएगा।



### सत्र के पहले दिन पेश हुई अतिरिक्त धनराशि की मांग

वित्त मंत्री अजित पवार ने बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा में वर्ष 2024-25 के लिए 6,486 .20 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांग पेश की हैं। विधानसभा में इन मांगों पर विस्तृत चर्चा करने बाद इसे मंजूरी दी जाएगी। बजट में पेश मांगों में 6,486 .20 करोड़ रुपये में से 932 .54 करोड़ रुपये की मांगें अनिवार्य के तहत, 3,420 .41 करोड़ रुपये की मांगें कार्यक्रमों के तहत तथा 2,133 .25 करोड़ रुपये की राशि केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रमों के तहत वित्तीय सहायता की उपलब्धता के अनुरूप की गई हैं। इन मांगों में सार्वजनिक उपयोगिता और राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करने के लिए विकास कार्यों को लगने वाले फंड का प्रावधान किया गया है।

### विभिन्न योजनाओं के लिए निधि आवंटन

साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण नागरिकों के लिए घर, मुख्यमंत्री किसान बिजली शुल्क सब्सिडी योजना के तहत कृषि पंप ग्राहकों के लिए बिजली शुल्क रियायत, केंद्रीय योजना के तहत सडक और पुल परियोजनाओं के लिए ब्याज मुक्त ऋण के लिए निधि, राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज शिक्षा शुल्क छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य योजना, पुणे रिंग रोड, जालना-नांदेड़ एक्सप्रेसवे पर काम में तेजी, गोदावरी मराठवाड़ा सिंचाई विकास निगम के लिए किसान जल संजीवनी योजना, सरकारी योगदान घटक के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए फंड का प्रावधान अनुपूरक मांग में किया गया है।

### विभिन्न विभागों के लिए आवंटित राशि

अनुपूरक मांगों में ग्रामीण विकास विभाग के लिए 3,006 .28 करोड़ रुपये, उद्योग, बिजली तथा श्रम विभागों के लिए 1,688 .74 रुपये और शहरी विकास विभाग के लिए 590 .28 करोड़ रुपये शामिल हैं। सरकार ने सहकारिता, विपणन तथा कपड़ा विभाग के लिए 313 .93 करोड़ रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 412 .36 करोड़ रुपये मांगे हैं।

**राज्यपाल ने दोनों सदनों का संयुक्त सत्र किया संबोधित :** सोमवार को राज्यपाल ने विधानभवन के सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। राज्यपाल ने अंग्रेजी भाषा में अभिभाषण दिया। राज्यपाल के संबोधन के साथ ही महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र आरंभ हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक वर्ष आंगनवाड़ियों में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने का फैसला लिया है। राज्यपाल ने कहा कि स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच पर सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 15 .72 लाख करोड़ रुपए का करार किया है। इस निवेश से राज्य में 15 लाख से अधिक रोजगार का सृजन होगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में महाराष्ट्र पसंदीदा राज्य है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महाराष्ट्र का योगदान 14 प्रतिशत से अधिक है। सरकार ने औद्योगिक विकास को गति देने के लिए विभिन्न उद्योगों को 5 हजार करोड़ रुपए निवेश प्रोत्साहन अनुदान वितरित करने की योजना बनाई है।

### महाराष्ट्र इलेक्ट्रिक वाहन नीति 1 अप्रैल से लागू

राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि महाराष्ट्र इलेक्ट्रिक वाहन नीति 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। नई नीति में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन देने और पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग के लिए प्रोत्साहित करने संबंधी प्रावधान है। यह नीति अगले तीन साल तक लागू रहेगी। इसमें राज्य के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और परिवहन को अधिक से अधिक पर्यावरण पूरक बनाने पर जोर दिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि 1 अप्रैल से राज्य भर के सभी टोल नाकों पर केवल फास्टैग के माध्यम से वाहनों की टोल वसूली होगी।

### नागपुर-गोवा शक्तिपीठ एक्सप्रेस वे

राज्यपाल ने कहा कि नागपुर-गोवा शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना सभी संबंधित लोगों को विश्वास में लेकर पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से मार्ग में प्रमुख धार्मिक और तीर्थ स्थलों को जोड़ा जाएगा। परियोजना पर 86,300 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है।

### देवेंद्र फडणवीस और उद्धव गुट नेताओं के बीच बढ़ी नजदीकियां

देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी नेताओं के बीच बढ़ती नजदीकियां हमेशा चर्चा का विषय रहती हैं। इस साल भी पहले ही दिन हुई दो बैठकों ने राजनीतिक हलकों में चर्चा छेड़ दी है। दरअसल पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधानसभा अध्यक्षों की सूची की घोषणा की। इस बार शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के विधायक सुनील राउत को अध्यक्ष घोषित किया गया है। सुनील राउत ठाकरे गुट के नेता हैं और सांसद संजय राउत के भाई हैं। राज्य में पार्टी विभाजन के बाद पहली बार ठाकरे गुट को पार्टी अध्यक्ष का पद दिया गया है। इसलिए फडणवीस और ठाकरे के बीच बढ़ती नजदीकियों की चर्चा फिर शुरू हो गई है। दूसरी ओर बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक वरुण सरदेसाई भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने गए। चाहे सरदेसाई हों या राउत, दोनों ही ठाकरे परिवार के करीबी हैं।

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### MVA का झगड़ा सुलझा, विपक्ष के नेता का नाम तय

**मुंबई।** एमवीए में विपक्ष के नेता पद को लेकर चल रहा झगड़ा समाप्त हो गया है। गठबंधन के प्रमुख दलों में ज्यादा सदस्य वाले फॉर्मूले पर सहमति बन गई है। अब विधानसभा में ज्यादा विधायक होने की वजह पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना तय हो गया है तो वहीं विधान परिषद में कांग्रेस के ज्यादा सदस्य होने की वजह से विपक्ष का नेता कांग्रेस का होगा। विधानसभा में शिवसेना (यूबीटी) की ओर से भास्कर जाधव या सुनील प्रभू तो वहीं विधान परिषद में सतेज (बंटी) पाटिल को विपक्ष का नेता बनाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल परिसर में आए कांग्रेस के महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधायक नाना पटोले ने विप अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का दावा ठोकते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को लेकर एमवीए में कोई मतभेद नहीं है।

### चोरी के आरोप में पिता-पुत्र ने युवक को पीटा, मौत

**मुंबई।** साकीनाका इलाके में मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में दो लोगों ने अशोक अविनाश तुलसे (30) नामक शख्स की हत्या कर दी। इस मामले में साकीनाका पुलिस ने केस दर्ज करके पिता-पुत्र सुरेश डुंगव और लक्ष्मण को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। साकीनाका पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अशोक पर सुरेश का मोबाइल चुराने का शक था। जिसके बाद सुरेश और उसके बेटे लक्ष्मण ने काजूपाडा इलाके में अशोक से झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ने उसे लात-घूंसों से पीटा। जिसमें से गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत घाटकोपर के राजावाडी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

## महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 खाली सीटों के लिए चुनाव की घोषणा

**10 मार्च से नामांकन, मतदान 27 मार्च, इसी दिन आएंगे रिजल्ट**

**धीरज सिंह | मुंबई**

महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 खाली सीटों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी गई है। इन सीट में विधान परिषद के पांच सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाग लिया था। ये विधायक चुनाव जीत गए हैं। इसलिए वह अब विधान सभा के सदस्य हैं। अब जब वे विधान सभा के सदस्य बन गए हैं तो विधान परिषद में 5 सीटें खाली हो गई हैं। अब इन सभी पांच सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो चुकी है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इन पांचों पदों पर किसे नियुक्त किया जाएगा?



इस चुनाव में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच सीधा मुकाबला होगा। वैसे क्या बीजेपी ने मनसे को विधान परिषद की एक सीट के लिए मौका दिया है? यह देखना भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि मुंबई महानगरपालिका चुनाव की पृष्ठभूमि में पिछले कई दिनों से राजनीतिक गलियारों में चर्चा चल रही है कि बीजेपी मनसे को साथ लेते हुए उसे विधान परिषद की एक सीट दे सकती है। अब क्या यह चर्चा वास्तव में सही है?

### यह है चुनाव कार्यक्रम

विधान परिषद की 5 सीटों के लिए उम्मीदवार 10 मार्च से 17 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 18 मार्च को उम्मीदवारों के आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। यदि इस चुनाव के लिए आवेदन करने के बाद किसी आवेदन को वापस लेने का निर्णय लिया जाता है, तो ऐसा आवेदन वापस भी लिया जा सकता है। आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 मार्च होगी। लेकिन उसके बाद आवेदन वापस नहीं लिया जा सकेगा। फिर आपको लाइव वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने वाले उस उम्मीदवार का नाम दिखाई देगा। 27 मार्च को होगा चुनावइन सभी प्रक्रियाओं के बाद विधान परिषद की सभी 5 खाली सीटों के लिए 27 मार्च को मतदान होगा।

### पुणे-मुंबई समेत देश के 10 मार्गों पर दौड़ेंगे हाइड्रोजन से चलने वाले वाहन



**मुंबई/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार ने बसों और ट्रकों में हाइड्रोजन के उपयोग के लिए 5 पायलट परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके तहत मुंबई-पुणे समेत देश भर के अलग-अलग 10 मार्गों पर हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित और हाइड्रोजन आंतरिक दहन इंजन आधारित वाहन दौड़ेंगे। इन पायलट परियोजनाओं के अगले 18-24 महीनों में शुरू होने की संभावना है, जिससे देश में ऐसी प्रौद्योगिकियों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। केंद्र सरकार चयनित परियोजनाओं के लिए लगभग 208 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पहले नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इस मिशन के अंतर्गत परिवहन क्षेत्र में पायलट परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके अनुसार, विभिन्न प्रकार के हाइड्रोजन आधारित वाहनों, मार्गों और हाइड्रोजन ईंधन भरने वाले स्टेशनों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे।

## लाडकी बहिन योजना : 8 मार्च को आएगी फरवरी की किस्त



- मार्च की किस्त 26 मार्च को बजट सत्र की समाप्ति से पहले वितरित कर दी जाएगी

**दीपक पवार | मुंबई**

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मेरी लाड़ली बहन योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को फरवरी माह की किश्त 8 मार्च तक वितरित कर दी जाएगी। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री आदिति तटकरे ने सोमवार को विधान भवन परिसर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुदान वितरण 5-6 मार्च से शुरू किया जाएगा और 8 मार्च तक सभी पात्र महिलाओं के बैंक खातों में ऑनलाइन राशि जमा करा दी जाएगी। आदिति तटकरे ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग को मार्च माह की किश्त के लिए राशि प्राप्त होगी।

### अनुदान राशि बढ़ाने पर विचार

फिलहाल, इस योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये की राशि दी जा रही है। मंत्री तटकरे ने बताया कि इस राशि को 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री अजित पवार उचित निर्णय लेंगे।

### लाभार्थियों की संख्या में कमी नहीं

आदिति तटकरे ने विपक्ष पर लाड़ली बहन योजना को लेकर गलतफहमी फैलाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया कि सरकार इस योजना को बंद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जनवरी में 2 करोड़ 40 लाख महिलाओं को अनुदान दिया गया था और लगभग इतनी ही महिलाओं को फरवरी में भी लाभ मिलेगा।

### 8 मार्च को महिलाओं के मुद्दों पर विशेष चर्चा

बजट सत्र के दौरान 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के मुद्दों पर विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और लाड़ली बहन योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करती रहेगी।

## सीएजी रिपोर्ट की जांच के आदेश, केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

**पब्लिक अकाउंट्स कमिटी को सौंपी गई जांच • तीन महीने में इस पर रिपोर्ट पेश की जाएगी**

**दोपहर संवाददाता | नई दिल्ली**

दिल्ली की सत्ता से बाहर हो चुकी अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ एक और जांच शुरू हो गई है। दिल्ली विधानसभा में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे पर पेश सीएजी रिपोर्ट को जांच के लिए पब्लिक अकाउंट्स कमिटी (पीएसी) को भेज दिया गया है। तीन महीने में इस पर रिपोर्ट पेश की जाएगी। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को सीएजी रिपोर्ट पर बहस के बाद यह आदेश दिया। स्पीकर ने बताया कि 28 फरवरी को पटल पर रखी गई इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। यह ऑडिट 2016-17 से 2021-22 के बीच का है, जब आम आदमी पार्टी सत्ता में थी।

**सीएजी रिपोर्ट पर बहस के बाद यह आदेश दिया गया**



### शराब नीति पर भी घिरी 'आप' सरकार

रिपोर्ट में कई अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर पीएसी जांचेगी। विधानसभा सचिवालय अब स्वास्थ्य विभाग को सीएजी रिपोर्ट भेजेगा, और विभाग को एक महीने के भीतर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपनी होगी। इस जांच से अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीएसी उन्हें सवाल-जवाब के लिए तलब कर सकती है। दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे के अलावा शराब नीति से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट भी पेश की गई। इस पर भी भाजपा विधायकों ने आम आदमी पार्टी पर तीखे हमले किए। रिपोर्ट में शराब नीति से सरकारी खजाने को 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का दावा किया गया है।

**बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट**

## 386 KM तक खंभों का बेस किया गया तैयार

**272 किमी लंबे वायडक्ट का काम पूरा**



**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना से जुड़े काम में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और इसके तहत 27 फरवरी, 2025 तक 386 किलोमीटर तक खंभों का आधार (पियर फाउंडेशन) तैयार करने समेत 272 किमी लंबे 'वायडक्ट' का काम पूरा कर लिया गया है जबकि इसकी कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। 'नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड' (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पटरी बिछाने का काम अभी शुरू किया जाना बाकी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीते शनिवार को इसकी प्रगति की समीक्षा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया और निर्माण कार्य की गति पर संतोष व्यक्त किया।

### बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर कितना काम?

एनएचएसआरसीएल के अनुसार, 386 किलोमीटर तक 'पियर फाउंडेशन' का काम पूरा होने के अलावा, 372 किलोमीटर की दूरी तक खंभे तैयार करने का काम पूरा हो गया है और 305 किलोमीटर पर 'गर्डर कास्टिंग' भी की गई है। सिविल इंजीनियरिंग कार्य में लगे विशेषज्ञों ने बताया कि 'पियर फाउंडेशन' पहला चरण है। इसके तहत जमीन के नीचे एक बड़े व्यास वाले बेलनाकार स्तंभ के लिए आधार खोदा जाता है। जब इस स्तंभ को कंक्रीट और धातु का उपयोग करके जमीन के ऊपर बनाया जाता है तो इसे 'पियर कार्य' कहा जाता है।

**रणवीर इलाहाबादिया को सशर्त राहत > अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

# मौलिक अधिकार थाली में परोस कर नहीं आते : सुप्रीम कोर्ट

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मौलिक अधिकार थाली में परोस कर नहीं मिलते, बल्कि इसके साथ कर्तव्य और जिम्मेदारियां भी जुड़ी होती हैं। यह टिप्पणी शीर्ष अदालत ने यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया और अन्य के खिलाफ हुई कार्रवाई की आलोचना करने वाले लेखों पर असहमति जताते हुए की। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबादिया को नैतिकता और शालीनता के मानकों का पालन करने की शर्त पर अपना पॉडकास्ट 'द रणवीर शो' दोबारा शुरू करने की अनुमति दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि शो से जुड़े 280 कर्मचारियों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।



### गिरफ्तारी पर रोक बरकरार, गुवाहाटी में जांच में शामिल होने का आदेश

अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया की गिरफ्तारी पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया और उन्हें गुवाहाटी में जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। अदालत ने यूट्यूब शो में की गई अश्लील टिप्पणियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मौलिक अधिकारों के साथ जिम्मेदारी भी निभानी होगी।

### ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण के लिए सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को यूट्यूब और अन्य ऑनलाइन मीडिया में अश्लील कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए एक तंत्र बनाने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि 'हम सेंसरशिप नहीं चाहते, लेकिन अश्लील और अनुचित सामग्री पर कुछ विनियामक उपाय जरूरी हैं।'

> मौलिक अधिकार के साथ कर्तव्य और जिम्मेदारियां भी जुड़ी होती हैं: सुप्रीम कोर्ट

### सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कड़ा रुख

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कोर्ट की इस राय से सहमति जताई और कहा कि अगर आपको हास्य के लिए अश्लीलता का सहारा लेना पड़ता है, तो आप अच्छे हास्य कलाकार नहीं हैं। उन्होंने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो को दूसरे स्तर की विकृति करार देते हुए कहा कि श्यह शो इतना आपत्तिजनक है कि दो पुरुष भी इसे साथ बैठकर नहीं देख सकते।

### हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करेगा केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑनलाइन मीडिया कंटेंट के लिए एक नियामक तंत्र पर विचार किया जाए और इसे सार्वजनिक डोमेन में रखा जाए, ताकि सभी हितधारकों के सुझाव लिए जा सकें। अदालत ने कहा कि मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ जिम्मेदार अभिव्यक्ति को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# रेलवे में महिलाओं के गहने चुराने वाला चेंबूर का शातिर चोर गिरफ्तार

- कल्याण अपराध शाखा की बड़ी कार्रवाई
- चोरी के आभूषण खरीदने वाले दो व्यापारी भी गिरफ्तार

**सुशील सिंह । कल्याण**

रेलवे में महिलाओं के सोने के आभूषण और मोबाइल फोन चुराने वाले चेंबूर के शातिर चोर को कल्याण अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी तब हुई जब आरोपी ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में रात के समय यात्रा कर रही महिलाओं के आभूषण चुराने की कोशिश की।



### गुप्त सूचना पर गिरफ्तारी

कल्याण अपराध शाखा की टीम ने साधारण वेश में ट्रेनों में गश्त शुरू की। गुप्त सूचना मिली कि महेश घाग चोरी करने के इरादे से कल्याण रेलवे स्टेशन पर आएगा। अपराध शाखा ने जाल बिछाकर महेश घाग को गिरफ्तार कर लिया।

### रेलवे में चोरी की बढ़ती घटनाएं

पुलिस के मुताबिक, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा कर रही महिलाओं के पास से सोने के गहने और मोबाइल चोरी होने की घटनाएं बढ़ रही थीं। कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन में इन घटनाओं की लगातार शिकायतें दर्ज हो रही थीं।

### महेश पर कई थानों में दर्ज हैं चोरी के मामले

कल्याण रेलवे पुलिस थाने में 25 ग्राम सोने की चेन और 14,000 रुपये चोरी का मामला दर्ज। वसई रोड पुलिस थाने में 4 लाख रुपये की सोने की चेन, दो एप्पल फोन और 2 लाख रुपये की सोने की चेन चोरी की शिकायत।

### झवेरी बाजार में बेचा जाता था चोरी का सोना

महेश घाग ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि वह झवेरी बाजार के व्यापारियों को चोरी का सोना बेचता था। पुलिस ने छानबीन के दौरान दोनों व्यापारियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

### 9.68 लाख के गहने बरामद, दो ज्वेलर्स भी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेश अरुण घाग उर्फ विकी (32 वर्ष, निवासी चेंबूर) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 9.68 लाख रुपये के चोरी के सोने के गहने बरामद किए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने झवेरी बाजार के दो सोने के व्यापारियों – तानाजी शिवाजी माने (45) और नितीन किसन येले (44) को भी गिरफ्तार किया है, जो चोरी का सोना खरीदते थे।

## रेतीबंदर खाड़ी क्षेत्र में अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई

- शिकायतों के बाद तहसीलदार ने दिए सख्त निर्देश

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**



रेतीबंदर खाड़ी क्षेत्र में अवैध रेत खनन की बढ़ती शिकायतों पर तहसीलदार सचिन शेजल ने सख्त रुख अपनाते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इन आदेशों के तहत आज दोपहर कल्याण बोर्ड अधिकारी और नडगांव बोर्ड अधिकारी ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया।

### चार बजरा और पांच सक्शन पंप जब्त

कार्रवाई के दौरान कल्याण रेत पोर्ट से गांधारी ब्रिज तक खाड़ी में अवैध रेत खनन में लिप्त चार बजरा (पड़ाव) और पांच सक्शन पंप नौकाओं को जब्त किया गया। जैसे ही अधिकारियों की टीम पहुंची, मजदूर अपनी नौकाएं छोड़कर नाले में कूद गए और भागने लगे।

### दो बजरों को नदी में डुबोया गया

कल्याण बोर्ड अधिकारी दीपक गायकवाड़ ने बताया कि जब्त किए गए बजरों में से दो को नदी की तलहटी में छेद करके डुबो दिया गया। इससे अवैध खनन करने वालों को कड़ा संदेश दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पत्नी की हत्या की कोशिश के आरोपी को कोर्ट ने किया बरी



**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी को मारने की कोशिश के आरोप से बरी कर दिया है। इस मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के मामले में कई असंगतियों और विरोधाभासों के कारण यह फैसला सुनाया। मामले की सुनवाई के दौरान सत्र न्यायाधीश बी. अग्रवाल ने 28 फरवरी को दिए आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा कि आरोपी ने सचमुच अपनी पत्नी को जान से मारने की कोशिश की। बता दें कि, आरोपी पेशे से एक चित्रकार है।

#### पत्नी पर चाकू से हमले का था आरोप

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने 11 अप्रैल 2023 को ठाणे के लोकमान्य नगर में अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया था। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील सागर कोल्हे ने अभियोजन के मामले पर सवाल उठाए और आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पत्नी के बयान में कई असंगतियां थीं।

#### एफआईआर में मिली विसंगतियां

कोर्ट ने यह पाया कि पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में हमले का समय सुबह 7 बजे बताया गया था, लेकिन पत्नी ने कोर्ट में कहा कि हमला रात 3 बजे हुआ था। इसके अलावा, पत्नी ने शुरुआत में आरोप लगाया था कि पति ने किसी अन्य व्यक्ति के कारण हमला किया, लेकिन कोर्ट में उसने उस व्यक्ति को परिवार का मित्र बताया और पति पर कोई शक नहीं होने की बात कही।

#### दोनों बेटियों और मेडिकल जांच में भी विसंगति

पत्नी की दोनों बेटियों के बयान भी अलग-अलग थे। एक बेटी ने कहा कि पिता ने उसे सुबह 7 :30 बजे फोन किया, जबकि दूसरी बेटी ने कहा कि उसे 4 बजे घटना के बारे में पता चला। इसके अलावा, पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पत्नी को अस्पताल लेकर गए थे और एंबुलेंस सुबह 9 :30 बजे पहुंची थी, जबकि मेडिकल रिकॉर्ड में बताया गया कि पत्नी की जांच सुबह 8 :30 बजे हुई थी। सुनवाई के दौरान फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के मामले में इतनी असंगतियां हैं कि यह साबित नहीं हो पाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी को जान से मारने की कोशिश की थी। इसलिए आरोपी को दोषी ठहराना सुरक्षित नहीं है।

## अबु आजमी के विवादित बयान पर मामला दर्ज करने की मांग

**ठाणे।** औरंगजेब की तारीफ करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबु आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को वागले पुलिस थाने में प्रदर्शन किया। इस दौरान ‘नीम का पत्ता कड़वा है, अबु आजमी भड़वा है’ के नारे लगाकर शिवसैनिकों ने जमकर विरोध जताया।

सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि औरंगजेब ने हिंदुस्तान में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने के लिए महिलाओं और पुरुषों पर अत्याचार किए थे। उसने प्रसिद्ध मंदिरों को लूटकर उन्हें तोड़ा और वहां मस्जिदों का निर्माण कराया। इतना ही नहीं, छत्रपति शिवाजी महाराज को 40 दिनों तक बंदी बनाकर उन पर अमानवीय जुल्म किए गए थे, उनके नाखून तक निकाल लिए गए थे। ऐसे क्रूर शासक की तारीफ करने वाले अबु आजमी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उनके विधायक पद को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है।

इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक राम रेपाले, पूर्व नगरसेवक अशोक वैती, पूर्व नगरसेवक दीपक वेतकर, पूर्व परिवहन सभापति दशरथ यादव, शिवसैनिक संजय झा सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिवसेना नेताओं ने वागले पुलिस थाने में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि अबु आजमी के खिलाफ तत्काल देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए और उनके विवादित बयान पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस की ओर से इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

सीसीटीवी फुटेज में सामने आई ठगी की साजिश

## रिक्शा में बैठते ही गायब हो रहे आभूषण

- महिला और नाबालिग लड़की पर शक

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण और आसपास के इलाकों में रिक्शा में सफर करने के बाद यात्रियों के गहने और कीमती सामान गायब होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महात्मा फुले पुलिस ने ऐसे ही एक मामले की जांच शुरू की, जिसमें एक बुजुर्ग महिला के गहने गायब हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि इस चोरी में एक महिला और एक नाबालिग लड़की शामिल है, जो यात्रियों के पर्स और गहने चुराने के लिए रिक्शा में सवार होती हैं।

### कैसे हुआ खुलासा?



दो दिन पहले एक बुजुर्ग महिला बैंक लॉकर से 6 तोला सोने के गहने निकालकर घर जा रही थी। वह रिक्शे में सफर कर घर पहुंची, लेकिन जब पर्स चेक किया तो गहने गायब थे। महिला ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इससे पहले भी रिक्शों में सफर कर रहे यात्रियों के सामान चोरी होने की घटनाएं सामने आई थीं।

### सीसीटीवी फुटेज से खुलासा

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक महिला नाबालिग लड़की के साथ रिक्शे में बैठती नजर आई। ये महिलाएं मौके का फायदा उठाकर गहने और मोबाइल जैसी कीमती चीजें चुरा लेती हैं। सामने आया कि यही महिला भिवंडी में भी इसी तरह की कई वारदातों को अंजाम दे चुकी है। पुलिस को संदेह है कि कल्याण और आसपास हुई चोरी की घटनाओं में ये महिलाएं शामिल हैं।

### महिला को पकड़ना चुनौती क्यों?

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला का पीछा करने की कोशिश की। लेकिन महिला हर कुछ मिनटों में रिक्शा बदल देती है, जिससे वह ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है। पुलिस अब इस महिला और उसकी नाबालिग साथी को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाकर तलाश में जुट गई है।

सड़क निर्माण से पहले ड्रेनेज और पानी की लाइन डालने की मांग

## बिना प्लानिंग के सड़क निर्माण पर नाराजगी

- घूंघट नगर के नागरिकों का विरोध

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के घूंघट नगर में बिना उचित योजना और प्लानिंग के कंक्रीट सड़क बनाने के खिलाफ स्थानीय निवासियों ने कड़ा विरोध जताया है। नागरिकों की मांग है कि पहले ड्रेनेज लाइन और पीने के पानी की पाइपलाइन डाली जाए, ताकि भविष्य में सड़क को दोबारा तोड़ने की नौबत न आए और प्रशासन व जनता का पैसा बर्बाद होने से बचाया जा सके।

### मनपा आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



स्थानीय नागरिकों ने भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका (BNCMC) के आयुक्त व प्रशासक को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है, जिसमें बताया गया है कि पुराना मुंबई-आगरा रोड से घूंघट नगर तक 2 करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण की मंजूरी दी गई है।

### प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी

नागरिकों ने मनपा प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर सड़क निर्माण में सभी नागरिक सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया, तो मनपा मुख्यालय के सामने प्रदर्शन, धरना और जनआंदोलन किया जाएगा। इस स्थिति के लिए पूरी जिम्मेदारी मनपा प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग की होगी।

### ठेकेदार की लापरवाही से परेशान नागरिक

स्थानीय निवासियों का कहना है कि 15 दिन पहले ठेकेदार ने बिना किसी योजना के खुदाई कर दी, जिससे पूरा इलाका अस्त-व्यस्त हो गया है। कई घरों में गटर का गंदा पानी भर रहा है। पानी की पाइपलाइन टूटने से लोग पीने का पानी खरीदने को मजबूर हैं। सड़क निर्माण से पहले ड्रेनेज और पानी की लाइन न डालना भविष्य में बड़ी समस्या बन सकता है।



### सड़क टूटने का खतरा, भविष्य में पैसा बर्बाद होने की आशंका

नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर गटर और पानी की पाइपलाइन डाले बिना सड़क बना दी गई, तो भविष्य में जरूरत पड़ने पर सड़क को फिर से तोड़ना पड़ेगा, जिससे सरकार और नागरिकों की कई गुना अधिक राशि बर्बाद होगी।

## ठाणे में बिजली कंपनी के कर्मचारियों पर हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

- बिजली चोरी की जांच के दौरान भड़के लोग, पुलिस ने दर्ज की FIR

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिले में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (MSEDCL) के कर्मचारियों पर हमला करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को भिवंडी तालुका के कुंडे गांव में हुई, जब MSEDCL की टीम बिजली चोरी की जांच के लिए वहां पहुंची थी।

### बिजली चोरी पकड़े जाने के बाद भड़की भीड़



गणेश पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर संदीपन सोनवणे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान करीब आधा दर्जन घरों में बिजली के मीटर नहीं लगे थे। प्रोटोकॉल के तहत MSEDCL कर्मियों ने अवैध बिजली आपूर्ति को काट दिया और कनेक्शन तारों को हटा दिया। इस कार्रवाई से कुछ स्थानीय लोग भड़क गए और उन्होंने बिजली कंपनी के कर्मचारियों को गालियां दीं और उन पर हमला कर दिया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

पुलिस ने शनिवार को MSEDCL टीम की शिकायत पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी हिरासत में लिया जाएगा।

### पंचायत कार्यालय में भी की मारपीट

MSEDCL टीम ने इस घटना की सूचना ग्राम पंचायत अधिकारियों को दी, लेकिन आरोपी अन्य ग्रामीणों के साथ पंचायत कार्यालय तक उनका पीछा करते पहुंचे और वहां भी कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज, धमकी और मारपीट की। इस हमले में कुछ कर्मचारी घायल भी हो गए।

## 6.32 लाख रुपये का प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू जब्त

**डीबीडी संवाददाता । पालघर**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने एक टेम्पो से 6.32 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू उत्पाद जब्त किए हैं। पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। फिलहाल, पुलिस ने पूरे मामले में FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### चारोटी टोल नाके पर पुलिस की नजर

पालघर पुलिस ने शनिवार को दहानू क्षेत्र के चारोटी टोल नाका पर निगरानी रखी और मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग से गुजर रहे टेम्पो को रोका। जांच के दौरान 6,32,900 रुपये मूल्य के विभिन्न ब्रांडों के गुटखा और तंबाकू उत्पाद बरामद किए गए।

### गुटखा तस्करी के नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू कहां से लाया गया और इसकी सप्लाई कहां की जा रही थी। इसके अलावा, अवैध रूप से गुटखा उत्पादन और सप्लाई के नेटवर्क को तोड़ने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।

### चालक और सहायक के खिलाफ मामला दर्ज

कासा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि टेम्पो को जब्त कर लिया गया है और उसके चालक व सहायक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) नियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पालतू कुत्ते को लेकर विवाद

- महिला ने पड़ोसियों को दी जातिसूचक गालियां
- नाबालिग बच्चों की पिटाई

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने अपने पड़ोसियों को जातिसूचक गालियां दी और तीन नाबालिग बच्चों को पीट दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार की शिकायत के बाद महिला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पालतू कुत्ते की शिकायत पर भड़की महिला



शुक्रवार को शाहपुर इलाके में कुछ महिलाओं के समूह ने आरोपी महिला से शिकायत की कि उसका कुत्ता उनके इलाके में उपद्रव कर रहा है। लेकिन शिकायत सुनने के बजाय महिला ने अपशब्द कहे और जातिवादी गालियां दीं।

### नाबालिग बच्चों पर निकाला गुस्सा

इसके बाद महिला ने अपने गुस्से का शिकार 3, 7 और 8 साल के नाबालिग बच्चों को बनाया। उसने बच्चों पर शोर मचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी वजह से उसका पालतू कुत्ता परेशान होता है और फिर उसने बच्चों पर हमला कर दिया।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच जारी

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाप ने चार महीने की बेटी की हत्या की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

घाटकोपर (पूर्व) के कामराज नगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार को एक 40 साल के आदमी ने अपनी चार महीने की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम संजय कोकरे है। वह एक दिहाड़ी मजदूर है। उसकी पत्नी शैलजा 36 साल की है, जो घरों में काम करती है। उनके तीन बच्चे थे। शैलजा और संजय के पहले से ही दो बच्चे थे। चार महीने पहले ही उनकी तीसरी बच्ची श्रेया हुई थी। संजय तीसरे बच्चे के जन्म से खुश नहीं था। उसकी आर्थिक हालत ठीक नहीं थी। तीसरा बच्चा पालने का बोझ उसे सहन नहीं हो रहा था। इसलिए वह अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा करता था। शुक्रवार की रात शैलजा काम पर गई थी। तभी संजय ने मौका देखकर श्रेया को



पालने में सोते हुए रस्सी से गला घोंट दिया। जब शैलजा काम से घर लौटी, तो संजय ने बहाना बनाया कि श्रेया की तबीयत अचानक खराब हो गई है। वह कोई जवाब नहीं दे रही है। दोनों उसे राजावाड़ी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शैलजा को गहरा सदमा लगा। उसने पुलिस को बताया कि उसका पति श्रेया के जन्म से खुश नहीं था। पंत नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक रमेश केवले ने बताया कि डॉक्टरों से हमें पोस्टमार्टम की शुरुआती रिपोर्ट मिली। इसमें हत्या की आशंका जताई गई थी। इसके बाद हमने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# 4500 करोड़ की निवेश धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

## ईडी ने किया डिजिटल रिकॉर्ड और दस्तावेज जब्त

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मेसर्स पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड (PCL) और अन्य के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई और दिल्ली में चार ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई 50 लाख से अधिक निवेशकों से 4,500 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई। जांच एजेंसी ने 28 फरवरी को यह छापेमारी मुंबई जोनल ऑफिस के तहत अंजाम दी।

### मुख्य आरोपी के परिवार की विदेशी संपत्तियां




ईडी ने बताया कि छापेमारी के दौरान मुख्य आरोपी स्वर्गीय सुधीर मोरवेकर, जो पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड के तत्कालीन निदेशक थे, उनके परिवार द्वारा संचालित विदेशी संपत्तियों से जुड़े कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए। इसके अलावा, यह भी पाया गया कि इन संपत्तियों से लीज और रेंटल आय प्राप्त की जा रही थी।

### MPID अधिनियम के तहत जांच जारी

ईडी ने इस मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा (EOW) द्वारा पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम, 1999 (MPID) के तहत दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी।

### निवेश योजनाओं के नाम पर ठगी

जांच में यह सामने आया कि पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड और उसके निदेशकों ने 3 से 9 वर्ष की अवधि की विभिन्न निवेश योजनाएं चलाईं, जिनमें होटल डिस्काउंट, दुर्घटना बीमा और जनता द्वारा जमा की गई राशि पर उच्च रिटर्न देने का वादा किया गया। लेकिन इन योजनाओं में सेबी और आरबीआई के मौजूदा मानदंडों की अनदेखी की गई थी।

### डिजिटल रिकॉर्ड और संपत्ति बिक्री की कोशिश का खुलासा

छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेजों से यह भी पता चला कि सह-आरोपी और उनके परिवार के सदस्यों ने अपराध की आय से खरीदी गई संपत्तियों को बेचने की कोशिश की थी। ईडी ने इस कार्रवाई में डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं, जिनके आधार पर आगे की जांच जारी है।

# 'औरंगजेब निर्दयी नहीं था...'

## अबू आजमी ने औरंगजेब को बताया महान शासक

### शिंदे ने आजमी पर देशद्रोह का केस करने की मांग की

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुंबई अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी द्वारा औरंगजेब की तारीफ करने पर शिवसेना प्रमुख और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पलटवार किया है। शिंदे ने कहा है कि औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज को 40 दिनों तक प्रताड़ित किया और ऐसे व्यक्ति को अच्छा कहना महापाप है इसलिए, अबू आजमी को माफी मांगनी चाहिए। उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा था कि औरंगजेब एक निर्दयी शासक नहीं था।



### बनारस की घटना का किया जिक्र

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पार्टी के महाराष्ट्र में प्रमुख चेहरे अबू आजमी ने औरंगजेब की तारीफ करते हुए उसे महान समाजसेवी बताया था। आजमी ने कहा था कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। वह क्रूर शासक नहीं था। आजमी ने सोमवार को कहा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने यहां तक दावा किया कि बनारस में जब एक पंडित की बच्ची के साथ उसके सिपहसालार ने बदतमीजी की करने की कोशिश की तो औरंगजेब ने उस सिपहसालार को दो हाथियों के बीच बंधवाकर मरवा डाला। था। बाद में उन पंडितों ने औरंगजेब के लिए मस्जिद बनाकर भेंट कविया। वो अच्छे प्रशासक थे, उन्होंने किया वो सही किया, अगर कोई और राजा होता वो वो भी वही करता। आजमी मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर सीट से विधायक चुने गए हैं।

### शिंदे की कड़ी प्रतिक्रिया आई सामने

सपा नेता अबू आजमी के बयान पर बीजेपी के साथ शिवसेना भड़क गई है। शिवसेना चीफ एकनाथ शिंदे ने देशद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा सपा नेता अबू आजमी ने जो भी बोला है, वो गलत है। उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। बीजेपी ने कहा है कि अबू आजमी ऐसे बयानों की वजह से चर्चा में बने रहते हैं। मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना इनके डीएनए में है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अबू आजमी ने महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होने के पहले दिन यह प्रतिक्रिया दी।

### आदित्य ठाकरे ने की आजमी की गिरफ्तारी की मांग

इससे पहले शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि आजमी ने औरंगजेब की तारीफ की है। ये महाराज का अपमान है। उनके खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए।



### 'अबु आजमी को शर्म आनी चाहिए'

वहीं बीजेपी नेता राम कदम ने भी सपा नेता के बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कहा कि अबु आजमी को थियेटर में जाकर छावा फिल्म देखना चाहिए और इसहिास पढ़ना चहिए। उन्होंने कहा कहा कि आजमी जिसे ग्रेट राजा बोल रहे हैं, उसने हमारे संभाजी राजा को कितनी बेरहमी से मारा। उन्हें जेल में डाला। अबु आजमी को शर्म आनी चाहिए।

**न्यूज ब्रीफ**

### घुमंतू, अर्ध घुमंतू, जनजाति को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास : आठवले



**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि विमुक्त, घुमंतू, अर्ध घुमंतू, जनजाति समाज को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विमुक्त, घुमंतू, अर्ध घुमंतू, जनजाति समाज जोड़ो अभियान के संयोजक संजय मारुति कदम को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार इस समुदाय को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

### 'एचएसआरपी शुल्क पर अधिकारियों ने फडणवीस को दी गलत जानकारी'

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के नेता रोहित पवार ने सोमवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को हाई-सिक्योरिटी पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) के शुल्क को लेकर अधिकारियों ने गलत जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य गुजरात की तुलना में महाराष्ट्र में नंबर प्लेट के लिए तीन गुना अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। विधानभवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में रोहित पवार ने दावा किया कि जिस कंपनी को ठेका दिया गया, वह पहले से ही एक घोटाले में शामिल रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात में दुपहिया वाहनों के एचएसआरपी के लिए 160 रुपये वसूले जा रहे हैं, जबकि महाराष्ट्र में इसके लिए 450 रुपये लिए जा रहे हैं। रोहित पवार ने आरोप लगाया कि गुजरात की यह कंपनी महाराष्ट्र में इस ठेके के जरिए 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली करेगी।

# मुंबई में आपातकालीन वृक्ष सर्वेक्षण शुरू

## खतरनाक वृक्षों की होगी पहचान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हर साल मानसून के दौरान पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए मुंबई मनपा ने सोमवार से आपातकालीन वृक्ष सर्वेक्षण शुरू किया है, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इस सर्वेक्षण के जरिए खतरनाक वृक्षों को चिन्हित कर सुरक्षा के जरूरी उपाय किए जाएंगे।



### 29.75 लाख वृक्षों की होगी गणना

मुंबई में लगभग 29.75 लाख पेड़ है। पिछली वृक्ष गणना 2011 में की गई थी। इस बार सर्वेक्षण के साथ ही वृक्षों की गणना भी की जाएगी। इसके अलावा, उन पेड़ों की पहचान की जाएगी, जिनकी जड़े कमजोर हो चुकी हैं और जो मानसून में गिरने की संभावना रखते हैं।

### बढ़ते तापमान से कमजोर हो रहे पेड़

बीएमसी अधिकारियों के अनुसार, तापमान में बढ़ोतरी से पेड़ों की जड़ों में नमी कम हो जाती है, जिससे उनकी पकड़ कमजोर हो जाती है और वे गिर सकते हैं। गर्मी के कारण कई वृक्षों की जड़ें सिकुड़ने लगी हैं, जिससे मानसून में उनके गिरने की आशंका बढ़ जाती है।

### सड़क निर्माण कार्य से पेड़ों पर असर

मुंबई में इन दिनों सड़कों के सीमेंट कांक्रीटीकरण का काम जोरों पर है। इसके अलावा, बिजली की लाइनों को भी कई जगहों पर शिफ्ट किया गया है, जिससे मिट्टी के कण ढीले हो जाते हैं और पेड़ों की स्थिरता पर असर पड़ता है।

### कमजोर शाखाओं को हटाया जाएगा

गर्मी के दौरान पेड़ों की शाखाएं सूखने लगती हैं, जिससे उनके गिरने का खतरा बढ़ जाता है। सर्वेक्षण के दौरान ऐसी कमजोर शाखाओं की पहचान कर उन्हें काटने की प्रक्रिया भी की जाएगी, ताकि बारिश के दौरान दुर्घटनाओं को रोका जा सके। मनपा का यह सर्वेक्षण मुंबई में मानसून से पहले एहतियाती कदम के रूप में लिया जा रहा है, जिससे शहरवासियों को सुरक्षित रखा जा सके।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को महाराष्ट्र विधानमंडल में श्रद्धांजलि

## विधानसभा और विधान परिषद में शोक प्रस्ताव पेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा में अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विधान परिषद में सभापति राम शिंदे ने उनके निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया।



### डॉ. सिंह का योगदान और उनकी नीतियां

विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह न केवल एक प्रख्यात अर्थशास्त्री थे, बल्कि उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे पंजाब विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रोफेसर रहे। इसके अलावा, वे केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्यरत रहे।

### भारतीय अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार

राहुल नार्वेकर ने कहा कि 1991 में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार किए। उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत की, जिससे विदेशी निवेश को प्रोत्साहन मिला और भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ सका। उनकी नीतियों ने व्यापार और उद्योग को नई दिशा दी।

### महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन

डॉ. सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं, जिनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा), सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम और भूमि अधिग्रहण अधिनियम शामिल हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नल एवं दूरसंचार कार्य**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (सीओ), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 **ई-निविदा सूचना संख्या** WR-MMCT-SnT-STTD-4-2025 दिनांक 28.02.2025 आमंत्रित करते हैं। **विभाग:** सिग्नल और **दूरसंचार कार्यकारी:** सीनियर डीएसटीई (कंपनी)/बीसीटी **कार्य का नाम:** दूरसंचार सुविधा के प्रावधान के संबंध में 1) मुंबई सेंट्रल डिवीजन के KM 4/6-8 पर MMCT-GTR के बीच मौजूदा बेलासिस रोड ओवर ब्रिज की रिगर्डरिंग, 2) अंधेरी (रेलवे भाग) में सी.डी. बर्फीवाला रोड और प्रो. फड़के रोड को जोड़ने वाले गोपाल कृष्ण गोखले ब्रिज पर मौजूदा आरओबी का पुनर्निर्माण, 3) प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन को बढ़ाने के लिए इंजीनियरिंग विभाग के कार्यालय और केबिनों का पुनर्निर्माण और चर्चगेट, GLO बिल्डिंग, दूसरी मंजिल पर इंजीनियरिंग कॉन्फ्रेंस हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा, 4) बधवार पार्क रेलवे कॉलोनी में ऑफिसर्स क्लब की मरम्मत और नवीनीकरण,5) बधवार पार्क में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस और विभिन्न सुविधाओं का विस्तार। **कार्य की लागत:** 1,36,17,613.79 **विशेष कार्यालय जहाँ ई-टेंडर खुला है: उपर्युक्त दिए गए के अनुसार स्थान बोली सुरक्षा:** 2,18,100/- ई निविदा का प्रकार: खुली ई निविदा **ई निविदा दस्तावेज जमा करने का समय और तिथि** : 21.03.2025 को 15.00 बजे तक **ई निविदा खुलने का समय और तिथि:** 21.03.2025 को 15.30 बजे। निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

1142

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# सेबी की पूर्व प्रमुख माधवी पुरी बुच को राहत

## हाईकोर्ट ने एसीबी को कार्रवाई से रोका

## चार मार्च तक कोई कार्रवाई नहीं



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को निर्देश दिया कि वह सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर 4 मार्च तक कोई कार्रवाई न करे।

### एसीबी की विशेष अदालत ने दिया था मुकदमा दर्ज करने का आदेश

मुंबई स्थित एसीबी की विशेष अदालत ने शनिवार को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के मामले में बुच और अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ बुच, बीएसई के प्रबंध निदेशक सुंदररमन राममूर्ति और चार अन्य अधिकारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### याचिकाकर्ताओं को नहीं मिला नोटिस

याचिका में विशेष अदालत के आदेश को अवैध और मनमाना बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि उन्हें न तो कोई नोटिस जारी किया गया और न ही उनकी बात सुनी गई, जिससे यह आदेश कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।

### न्यायालय की टिप्पणी और अगली सुनवाई

न्यायमूर्ति एस. जी. डिगे की एकल पीठ ने कहा कि याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होगी और तब तक एसीबी की विशेष अदालत के आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### शिकायतकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप

मामले में शिकायतकर्ता सपन श्रीवास्तव, जो एक मीडिया रिपोर्टर है, ने आरोप लगाया कि सेबी के अधिकारी अपने कर्तव्यों में विफल रहे और बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया। शिकायत में कहा गया है कि नियमों का पालन न करने वाली कंपनियों को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला गया।

# सांताक्रूज में लगी भीषण आग

**मुंबई।** मुंबई के सांताक्रूज पश्चिम में सोमवार को एक चार मंजिला बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन घर का सामान जलकर खाक हो गया। मुंबई महानगरपालिका से मिली जानकारी के अनुसार एस.वी. रोड के खीरा नगर स्थित कुमकुम बिल्डिंग नंबर 5 के तीसरी मंजिल पर सुबह करीब 10.47 बजे आग लगी। देखते ही देखते ग ने भीषण रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के जवानों ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। कुछ समय बाद आग पर काबू पा लिया गया. घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

**खुली ई - निविदा सूचना सं - मरे/मंरेप्र(कार्य) बीबी 2025-05 दिनांक 27.02.2025**

**क्रमसंख्या-1. कार्य का नाम -** माटुंगा कार्यशाला - माटुंगा कार्यशाला के एचसीआर भवन, टीएम भवन और ईएमयू घटक मरम्मत भवन का आधुनिकीकरण और संरचनात्मक सदृढ़ीकरण । **लगभग मूल्य:** रु. 227.63 लाख। **बयाना राशि:** रु में - 263800 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या-2. कार्य का नाम -** पंप रुम, ओवरहेड़ टैंकों, भूमिगत भंडारण टैंकों में जल आपूर्ति वाल्वों का संचालन और रखरखाव और जल आपूर्ति का वितरण एडीईएन (कार्य) भायखला सेक्शन के तहत एसएसई (वर्क्स) भायखला, परेल, दादर और कुर्ला के अधिकार क्षेत्र में 12 महीनों के लिए। **लगभग मूल्य:** रु. में 133.54 लाख। **बयाना राशि:** रु में - 216800 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या-3. कार्य का नाम -** एडीईएन (एन) लोनावला सेक्शन के तहत एसई घाट में 2 वर्षों के लिए जेसीबी और हाइड्रोलिक खुदाई मशीन हाइर करना। **लगभग मूल्य:** रु.में 105.40 लाख। **बयाना राशि:** रु में - 202700 **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमसंख्या-4. कार्य का नाम -** माटुंगा कार्यशाला - माटुंगा कार्यशाला में 40 केएलडी के एसटीपी के संचालन के लिए व्यापक अनुबंध। **लगभग मूल्य:** रु.में 13.67 लाख। **बयाना राशि:** रु में - 27400 **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमसंख्या-5. कार्य का नाम -** अधिकारियों के विश्राम गृह परिसर, अधीनस्थ विश्राम गृह और बागवानी की सफाई और रखरखाव तीन वर्षों के लिए एडीईएन (एम) इगतपुरी के तहत। **लगभग मूल्य:** रु.में 60.99 लाख। **बयाना राशि:** रु में - 122000 **समापन अवधि:** 36 महीने। उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र. 1, 2 और 4 दिनांक 26.03.2025 क्र.3 दिनांक 24.03.2025, क्र. 5 दिनांक, को 20.03.2025 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुद्धिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रुप सेटेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव पस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रुप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति के नियम के अनुसार उपलब्ध किए गए ई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रुप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन - 022-67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16-9-2017 के अनुरुप है। निविदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेसबाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमट मुंबई - 400001 के "नोटिसबोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

**मंडल रेलप्रबंधक (कार्य), मुंबई छशिमट**

Apex-818

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**हाइड्रोलिक इंजीनियर्स विभाग**

**ई निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| टेंडर दस्तावेज संख्या | 2025_MCGM_1156266-1 |
| विषय | घाटकोपर यार्ड में विद्युत केबल की आपूर्ति और स्थापना तथा AEOC(TM) प्रभाग के अंतर्गत पवई स्टील यार्ड और मरोशी टनल शाफ्ट में हाई मास्ट सिस्टम की ओवरहालिंग। |
| ई-टेंडर की लागत | रु. 6,49,559.32 (18% जीएसटी सहित) |
| टेंडर शुल्क और प्रसंस्करण शुल्क | रु. 1557.60/- (रु. 1320/- + 18% जीएसटी) और रु. 500 |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | रु. 6,500/- (ऑनलाइन भुगतान किया जाना है) |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि | 04.03.2025 11:00 बजे से |
| निविदा की बिक्री और बोली सुरक्षा जमा की प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय | 10.03.2025 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 10.03.2025 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए और बी खोलना | 11.03.2025 16:05 बजे के बाद |
| विभाग का नाम | उप हाइड्रोलिक इंजीनियर (खरखाव) |
| वेबसाइट | mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | श्री. ए.डी. हटवार<br>सहायक अभियंता (शहर के बाहर) ट्रंक मेन |
| संपर्क नं. | 7977608419 |
| ईमेल आईडी | ae01dyhemaint.he@mcgm.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
बीएमसी बिना कोई कारण बताए, उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता/-
पीआरओ/2666 /विज्ञा./2024-25 — कार्यकारी अभियंता(मुख्य कार्य) जल कार्य

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# नशे के खिलाफ युद्ध

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है। इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है। उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं सुखद है कि हिमाचल सरकार ने छह माह में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने का संकल्प जताया है, जिसमें तस्करों की संपत्ति जब्त करने व संदिग्ध खातों की जांच भी शामिल है।

# मोदी और केरल में ईश्वर का हाथ




**ज्योति मल्होत्रा**

मध्यवर्गीय भारत का बिगड़ैल लाल यानी तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों एक लघु तूफान में फंसे हुए हैं, और यह सब इंडियन एक्सप्रेस के साथ 45 मिनट के पॉडकास्ट में मलयालम में उनके कहे चार शब्दों वाले एक वाक्य की वजह से है 'मेरे पास दूसरे विकल्प हैं।' चार बार के सांसद थरूर 2009 में किए गए अपने ट्वीट 'मैं हमारी सभी पवित्र गायों का साथ देने के लिए कैटल क्लास में यात्रा करने जा रहा हूं', जिसने मितव्ययिता के नारे के इर्द-गिर्द घड़े पाखंड के असामान्य प्रदर्शन पर तंजकर देश को खूब हंसाया था, उस वक्त के बाद से वे एक लंबा सफर तय चुके हैं– हालांकि, खुद सोनिया गांधी ने ऐसी शब्दावली के लिए उनकी ताड़ना की थी। हो सकता है थरूर की टिप्पणियों पर उठा नवीनतम विवाद भी सप्ताहांत तक ठंडा पड़ जाए, खासकर जब केरल कांग्रेस के नेताओं और पार्टी आलाकमान के बीच 2026 में केरल के आगामी चुनाव को लेकर होने वाली तैयारी बैठक होगी, और सांसद की आहत हुई भावना को शांत करने का प्रयास किया जाए। पार्टी के सभी गुटों के बीच एकता दिखाने की बात पहले ही कही जा रही है।

वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी, वहां से पूर्व सांसद और उनके भाई राहुल गांधी और कांग्रेस संगठन के प्रभारी महासचिव और अलपुझा से सांसद केसी वेणुगोपाल–इस पुरानी पार्टी में सबसे शक्तिशाली तिकड़ी- निश्चित रूप से अपने चुनावी अभियान की अगुवाई इस पेशकारी से करेंगे 'भगवान के अपने देश में सब ठीक है और कांग्रेस अगले साल सत्ता में वापस आएगी।'

सिवाय इसके कि दक्षिणी राज्य में मंथन चल रहा है और अरब सागर की फ़िज़ां इन दिनों कुछ बदली-सी है। पिछले हफ्ते कोचीन में हुए निवेशक शिखर सम्मेलन में भाजपा नेता पीयूष गोयल और केरल के मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता पिनाराई विजयन को दिल खोलकर हंसते हुए देखा गया। कुछ ही दिनों बाद, सीपीएम ने केरल की अपनी सभी पार्टी इकाइयों को एक नोट भेजा, जिसमें बताया गया कि पार्टी मोदी सरकार को 'फासीवादी या नव-फासीवादी' क्यों नहीं बता रही।

इसमें कोई संदेह नहीं कि यह टिप्पणी 6 मार्च को कोल्लम में होने जा रहे सीपीएम के 24वीं पार्टी सम्मेलन में बहस के केंद्र में होगी। कुछ लोगों का कहना है कि यह पार्टी में शक्तिशाली प्रकाश करात गुट द्वारा अपनाई कांग्रेस विरोधी नीति की वापसी है- पिछले सितंबर में सीताराम येचुरी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के बाद, जिन्होंने हमेशा विपक्षी एकता के लिए जोर दिया और मानते थे कि कांग्रेस पार्टी इसका धड़कता दिल है। इसलिए इन दिनों केरल में थरूर की महत्वाकांक्षाओं से बड़ा सवाल यह है कि क्या वामपंथी भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं? और क्या वे कोल्लम पार्टी सम्मेलन में भाजपा को नहीं, बल्कि कांग्रेस को वामपंथ का मुख्य राजनीतिक दुश्मन बताने की ओर लौटेंगे– यह सब इसलिए क्योंकि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ इसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी है?

तो कल्पना कीजिए कि इस सोच की कितनी संभावना है, खासकर जब भाजपा दक्षिण भारत में अपनी जगह बनाने के वास्ते कड़े प्रयास कर रही है। क्या विजयन और नरेन्द्र मोदी केरल में कांग्रेस को खत्म करने के वास्ते सच में एकजुट हो सकते हैं, भले ही यह पूरी तरह से पर्दे के पीछे हो? प्रिय पाठक, इस विचार को जरा यहीं थामकर रखें, क्योंकि अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। हाल ही में इंडिया टुडे मूड ऑफ द नेशन सर्वे ने हैरान किया कि केरल में भाजपा का वोट शेयर हर दिन बढ़ रहा है- लोकसभा चुनाव में उसे 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन यदि आज चुनाव हों तो यह 24 प्रतिशत हो सकता है। और वोट शेयर में 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ वामपंथियों को नुकसान होगा।

आप कल्पना कर सकते हैं कि भाजपा इतनी खुश क्यों है। राजधानी दिल्ली समेत, उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में जीत हासिल करने के बाद- हिमाचल प्रदेश की चार सीटें अपने पास होने और पंजाब की 13 सीटों पर अगली नज़र के साथ- उसे पता है कि अब दक्षिणी मोर्चे में भी सेंध लगाना जरूरी है। कुछ समय से तमिलनाडु पर ध्यान केंद्रित होने की वजह से जाहिर है केरल में विस्तार पर जोर कम रहा।

केरल के सर्वप्रिय गुरुवायूर मंदिर गृहक्षेत्र त्रिशूर से पिछले साल पूर्व अभिनेता सुरेश गोपी ने लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के खिलाफ रही केरल की वर्जना को तोड़ा था। पार्टी का मानना है कि नायर समुदाय, जो कभी वामपंथियों की रीढ़ हुआ करता था, बहुत जल्द उसकी तरफ झुक जाएगा। भाजपा अपनी इन उम्मीदों में गलत नहीं है। यहां तक कि पिछले कुछ दशकों से केरल के मध्यवर्ग को कट्टर वामपंथी होने के बावजूद पास के मंदिर में जाकर दीया जलाने में कुछ भी गलत नहीं दिखता। बड़ी समस्या, ज़ाहिर है, यह है कि भाजपा के पास अभी भी राज्य में नेतृत्व करने के लिए कोई उचित चेहरा नहीं है- पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर काफी पढ़े-लिखे हैं और थरूर से तिरुवनंतपुरम छीन भी सकते थे, सिवाय इसके कि उन्होंने ऐसा किया नहीं। इसलिए जब चार बार के कांग्रेस सांसद ने पिछले हफ्ते कहा 'अगर पार्टी मेरी ताकत का इस्तेमाल करना चाहती है, तो मैं बना रहूंगा, अगर नहीं, तब मेरे पास दूसरे विकल्प हैं', तो पूरे देश में चटपटी राजनीतिक चर्चा छिड़ गई।

तो क्या थरूर कांग्रेस छोड़कर भाजपा या वामपंथ में शामिल होंगे? क्या वे कांग्रेस के भीतर ज़्यादा जगह बनाने को कसमसा रहे हैं, उदाहरण के लिए, मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की खातिर दबाव डालना? ऐसे में केरल की तिकड़ी–प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और वेणुगोपाल- क्या थरूर को मनाने में भूमिका निभाएगी? निश्चित रूप से, कांग्रेस को प्रथम परिवार की सख्त पकड़ से ढीला करना होगा, जो पार्टी की रोजाना की राजनीति की हर करवट और हरकत का दम घोंट रही है। शशि थरूर की महत्वाकांक्षा–भले ही उनको प्रभावशाली ईसाई एवं हिंदू समुदायों का समर्थन हासिल न हो –इस ओर एक स्वस्थ कदम है। इसी बीच, भाजपा दिनो-दिन अपना भारी-भरकम विजयरथ विन्ध्य पर्वतमाला के पार ले जाने में जोर लगा रही है।

## जीवन मंत्र

# बच्चों के मन पर बुरा असर डालते हैं मां-बाप के ये 5 काम

कुछ पैरेंट्स का मानना होता है कि बच्चों के साथ जितना सख्त रवैया अपनाया जाएगा, वो जीवन में उतनी ही कम गलतियां करेंगे। ऐसे पैरेंट्स अक्सर बच्चों के मन में अपना डर बनाकर रखना चाहते हैं।

कहते हैं बच्चे को जन्म देना जितना मुश्किल है उससे कहीं ज्यादा चुनौती भरा काम उसकी सही परवरिश करना है। इस बात में पूरी सच्चाई है क्योंकि कई बार माता-पिता की छोटी-छोटी आदतें बच्चों के जीवन पर बहुत गहरा असर छोड़ जाती हैं। इस बात में कोई शक नहीं कि ज्यादातर पैरेंट्स बच्चे का हमेशा भला ही सोचते हैं और उसकी परवरिश में भी अपनी तरफ से कोई कमी नहीं आने देते। हालांकि कई बार अंजाने में ही सही पैरेंट्स ऐसा रवैया अपना लेते हैं, जो कई बार बच्चों को मेंटली इतना इफेक्ट कर जाता है कि उन्हें उस चाइल्डहुड ट्रॉमा के साथ ही पूरी जिंदगी गुजारनी पड़ती है। इसका बड़ा



असर उनकी पर्सनेलिटी पर होता है और ऐसे बच्चे कई बार इमोशनली इंस्टेबल और ओवर इमोशनल हो जाते हैं। कुछ पैरेंट्स का मानना होता है कि बच्चों के साथ जितना सख्त रवैया अपनाया जाएगा, वो जीवन में उतनी ही कम गलतियां करेंगे। ऐसे पैरेंट्स अक्सर बच्चों के मन में अपना डर बनाकर रखना चाहते हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं कि कुछ मामलों में बच्चे के साथ सख्ती बरतना जरूरी है लेकिन अगर आपका बच्चा हमेशा ही आपसे खौफ खाता है, तो आपको अपने पेरेंटिंग स्टाइल को बदलने की जरूरत है। इससे ना सिर्फ बच्चे के मन पर गहरा असर पड़ेगा, साथ ही वो अपने दिल की बात भी आपसे कभी शेयर नहीं करेगा। इस स्थिति में बच्चों के भटकने के चांस और भी ज्यादा बढ़ जाते हैं। हर मां-बाप चाहते हैं कि उनका बच्चा हर चीज में आगे रहे। एक जिम्मेदार पेरेंट होने के नाते आपका फर्ज भी है कि बच्चे को सही गाइडेंस दे और आगे बढ़ने के लिए उसे मोटिवेट करें। लेकिन अगर आपको बच्चे से जीत की उम्मीद कुछ इस कदर हो गई है कि आप उसपर हमेशा नंबर वन आने का दबाव बनाने लगे हैं, तो ये आपकी सबसे बड़ी भूल है। ऐसी स्थिति में बच्चा अंदर से पूरी तरह टूटने लगता है और हार से भागने की कोशिश करने लगता है। जबकि यह बात आप भी जानते हैं कि जीवन में कभी ना कभी तो हार का सामना करना ही पड़ेगा। और जब बच्चे के सामने ऐसी स्थिति आएगी तो वो इसे बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। पेरेंटिंग और ओवर पेरेंटिंग के बीच एक छोटा सा अंतर होता है, जिसे कई पैरेंट्स समझ ही नहीं पाते और ये बच्चे के लिए खतरनाक साबित होता है। कई बार वो बच्चे के साथ इतना इन्वॉल्व हो जाते हैं कि उसे अपनी नजर से जरा सा भी दूर नहीं होने देते।

## शख्सियत | बीजू पटनायक

# भारतीय राजनीतिज्ञ और विमान चालक



बीजू पटनायक यानी बिजयानंद पटनायक एक भारतीय राजनीतिज्ञ, विमान चालक और व्यवसायी थे। उन्होंने 1990 से 1995 और 1961 से 1963 तक ओडिशा राज्य के तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह 1979 से 1980 और 1977 से 1979 तक भारत के 14वें इस्पात और खान और पहले कोयला केंद्रीय मंत्री और सदस्य भी रहे। 1977 से 1985 तक केंद्रपाड़ा से लोकसभा। वह नवीन पटनायक के पिता थे, जो ओडिशा के वर्तमान सीएम हैं और वर्तमान में ओडिशा के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सीएम हैं।

बिजयानंद पटनायक का जन्म 4 मार्च 1916 कटक, बिहार और उड़ीसा प्रांत, ब्रिटिश भारत में हुआ था। उनके माता-पिता ब्रम्हपुर से लगभग 80 किमी दूर, गंजाम जिले के बेलागुंठा, घुमुसर नुआगाम में रहते थे।[ उनकी शिक्षा ओडिशा के रेवेनशॉ कॉलेज में हुई थी, लेकिन विमानन में उनकी रुचि के कारण उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी और पायलट के रूप में प्रशिक्षित हुए। पटनायक ने निजी एयरलाइंस से उड़ान भरी लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत में वह रॉयल इंडियन एयर फोर्स में शामिल हो गए। वह अंततः हवाई परिवहन कमान के प्रमुख बने। सेवा में रहते हुए, उन्होंने राष्ट्रवादी राजनीति में रुचि विकसित की और भारतीय सैनिकों तक विध्वंसक साहित्य पहुंचाने के लिए वायु सेना परिवहन का उपयोग किया। बर्मा में ब्रिटिश कमान के तहत लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के लिए राजनीतिक पत्रक छोड़ने और कांग्रेस पार्टी के नेताओं को पूरे भारत में गुप्त स्थानों से लेकर स्वतंत्रता संग्राम की योजना बनाने वाली गुप्त बैठकों में ले जाने वाले गुप्त मिशनों को उड़ाने के लिए उन्हें अंग्रेजों द्वारा जेल में डाल दिया गया था। हालाँकि, पटनायक धुरी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहे। ओडिशा सरकार ने कई संस्थानों का नाम बीजू पटनायक के नाम पर रखा है। इनमें भुवनेश्वर में बीजू पटनायक हवाई अड्डा, बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नाल्को नगर, अंगुल में बीजू पटनायक स्टेडियम आदि शामिल हैं। बीजू पटनायक 5 रुपये का स्मारक सिक्का 2016 में जारी किया गया था। बीजू पटनायक के कद की झलक इस बात से समझी जा सकती है कि जब उनकी मृत्यु हुई, तो उनके ताबूत को भारत, रूस और इंडोनेशिया के राष्ट्रीय झंडे में लपेटा गया था। उनका निधन 17 अप्रैल नई दिल्ली में हुआ।

## जीवन ऊर्जा

फणीश्वर नाथ 'रेणु' : जन्म 4 मार्च 1921 | जन्म

# लेखक के संप्रेषण में ईमानदारी है तो रचना सशक्त होगी

फणीश्वर नाथ ' रेणु ' का जन्म 4 मार्च 1921 को बिहार के अररिया जिले में फॉरबिसगंज के पास औराही हिंगना गाँव में हुआ था। उस समय यह पूर्णिया जिले में था। उनकी शिक्षा भारत और नेपाल में हुई। रेणु जी का बिहार के कटिहार से गहरा संबंध रहा है। फणीश्वर नाथ 'रेणु' एक हिन्दी भाषा के साहित्यकार थे। इनके पहले उपन्यास मैला आंचल को बहुत ख्याति मिली थी , जिसके लिए उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 11 अप्रैल, 1977 को पटना में फणीश्वर नाथ 'रेणु' की मृत्यु हो गई।

साहित्यकार को चाहिए कि वह अपने परिवेश को संपूर्णता और ईमानदारी से जिए। सूक्ष्मता से देखना और पहचानना साहित्यकार का कर्तव्य है, परिवेश से ऐसे ही सूक्ष्म लगाव का संबंध साहित्य से अपेक्षित है। एक कीड़ा होता है अंखफोड़वा, जो केवल उड़ते वक्त बोलता है भनु-भनु-भन्! क्या कारण है कि वह बैठकर नहीं बोल पाता? सूक्ष्म पर्यवेक्षण से ज्ञात होगा कि यह आवाज़ उड़ने में चलते हुए उसके पंखों की है। साहित्यकार को चाहिए



कि वह अपने परिवेश को संपूर्णता और ईमानदारी से जिए। साहित्य की पौध बड़ी नाजुक और हरी होती है। इसे राजनीति की भैंस द्वारा चर लिए जाने से बचाए रख सकें, तभी फ़सल हमें मिल सकती है। लेखक के संप्रेषण में ईमानदारी है तो रचना सशक्त होगी, चाहे जिस विधा की हो। भीड़ प्रिय आदमी कभी किसी का अपना नहीं होता। रेणु जी की भाषा अत्यंत सरल, सहज एवं प्रवाहपूर्ण है। मैला आंचल उपन्यास को इतनी ख्याति मिली कि रातों-रात उन्हें शीर्षस्थ हिन्दी लेखकों में गिना जाने लगा। इसमें फूल भी है, शूल भी, धूल भी है, गुलाब भी, कीचड़ भी है, चंदन भी, सुंदरता भी है, कुरूपता भी-मैं किसी से दामन बचाकर नहीं निकल पाया। साहित्यकार को चाहिए कि वह अपने परिवेश को संपूर्णता और ईमानदारी से जिए। साहित्यकार अपने परिवेश से हार्दिक प्रेम रखे, क्योंकि इसी के द्वारा वह अपनी ज़रूरत के मुताबिक़ खाद प्राप्त करता है।

प्रेम का मतलब यह कदापि नहीं है कि वह अपने संदर्भों की विषमताओं और असंगतियों पर दृष्टिपात न करे। वह परिवेश से प्रेम इसलिए करे कि वह उसके मूल्यों के साथ ही विषमताओं और असंगतियों से खुलकर और गहरा परिचय प्राप्त कर सके। लेखक के संप्रेषण में ईमानदारी है तो रचना सशक्त होगी-चाहे जिस विधा की हो।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# योग आत्मज्ञान और मोक्ष के शिखर तक ले जाता है

(भाग 1)

योग द्वारा की हुई साधना अगर किसी की अधूरी रह जाती है तो अवश्य ही अगले जन्म में पूरी होगी।

**योग**

एक ऐसा पावन पथ जो साधक को आत्मज्ञान और मोक्ष के शिखर तक ले जाता है। परंतु क्या हो यदि यह यात्रा अधूरी रह जाए यदि कोई योगी बीच मार्ग में ही भटक जाए सांसारिक प्रपंचों में उलझकर अपनी साधना से डिग जाए तो उसकी गति क्या होगी। क्या उसका सारा तप उसकी पूरी साधना व्यर्थ चली जाएगी या फिर विधि का विधान उसके लिए कोई दूसरा मार्ग प्रशस्त करेगा।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने इस रहस्य से पर्दा हटाया है। योग की साधना करने वाला कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितनी ही ऊँचाई तक क्यों न पहुँचा हो यदि किसी कारणवश मार्ग से भ्रष्ट हो जाता है तो उसकी साधना व्यर्थ नहीं जाती। उसकी आत्मा में अंकित उस तप की ऊर्जा वह आध्यात्मिक उन्नति समय के प्रवाह में विलीन नहीं होती, बल्कि अगले जन्म में उसे पुनः वही राह चुनने के लिए प्रेरित करती है।



**योगभ्रष्ट पुरुष कौन**

योगभ्रष्ट वह साधक है जो योग के गूढ़ रहस्यों में डूबने के बाद भी उसे पूर्ण रूप से आत्मसात नहीं कर पाता। वह संसार और साधना के बीच झूलता रहता है। कभी ईश्वर की भक्ति में लीन तो कभी माया के मोहपाश में बंधा हुआ अर्जुन इसी दुविधा से घबरा कर श्रीकृष्ण से पूछते हैं-

अप्राप्य योगसंसिद्धिं कां गतिं
कृष्ण गच्छति
(भगवद्गीता 6.37)

अर्थात हे कृष्ण जो व्यक्ति श्रद्धा से योग का अभ्यास करता है, किंतु पूर्ण सिद्धि को प्राप्त किए बिना ही मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, उसकी गति क्या होती है। क्या वह बीच में ही सब कुछ खो देता है। अर्जुन की इस जिज्ञासा का उत्तर भगवान श्रीकृष्ण जिस मधुर और रहस्यपूर्ण ढंग से देते हैं वह चमत्कृत कर देने वाला है।

श्रीकृष्ण मुस्कुराते हैं। वे अर्जुन को सांत्वना देते हुए कहते हैं कि ऐसा योगी जो इस जन्म में सिद्धि तक नहीं पहुँच पाता, उसका कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं जाता। वह पुनः जन्म लेता है और उसे एक ऐसा वातावरण मिलता है जहाँ उसकी अधूरी साधना फिर से जागृत हो सकती है।

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा
शाश्वतीः समाः।
शुचीनां श्रीमतां गेहे
योगभ्रष्टोऽभिजायते॥
(भगवद्गीता 6.41)

अर्थात ऐसा योगभ्रष्ट साधक अगले जन्म में पुण्यात्माओं के बीच जन्म लेता है, उसे ऐसे परिवार में स्थान मिलता है, जहां उसकी साधना को बढ़ावा मिले, जहां वह अपने पिछले जन्म की योगस्मृतियों को पुनः जीवित कर सके और यदि वह योग में अत्यंत उन्नत था तो उसका जन्म एक उच्च कुल में होता है, जहां बचपन से ही उसे अध्यात्म और योग की दिशा में बढ़ने के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है।

**(क्रमशः)**

## अपने विचार

रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटा है। उसे वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम का अब तक का सबसे निराशाजनक कप्तान है।'



**-शमा मोहम्मद,** नेता, कांग्रेस

कांग्रेस की आधिकारिक प्रवक्ता शमा मोहम्मद द्वारा की गई यह एक शर्मनाक टिप्पणी है। मुझे दुख है कि वह सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित टीम के कप्तान के बारे में इस तरह की बात कर रही हैं।



**-मनजिंदर सिंह सिरसा**, मंत्री, दिल्ली

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने एक क्रिकेट दिग्गज के बारे में कुछ ऐसी टिप्पणियां कीं जो पार्टी के स्टैंड को नहीं दर्शाती हैं। उन्हें 'एक्स' से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है।



**-पवन खेड़ा**, नेता, कांग्रेस

भाजपा को पहले अपना घर ठीक करना चाहिए। जैसा कि मेरे कुछ मंत्रियों ने कहा है कई BJP विधायक हमसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा टूटे हुए घर की तरह है, जबकि कांग्रेस एकजुट है।



**-डीके शिवकुमार,** उपमुख्यमंत्री,कर्नाटक

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे

**भुसावल डिवीजन ने युद्ध नायकों को समर्पित किए इंजन**

**सैन्य बहादुरी को श्रद्धांजलि**

डीबीडी संवाददाता । भुसावल

भारतीय रेलवे ने रेलवे विद्युतीकरण की शताब्दी के अवसर पर भुसावल डिवीजन के देवलाली स्टेशन पर दो विशेष इंजनों का अनावरण किया। ये इंजन भारत के दो वीर योद्धाओं - सूबेदार मेजर शिवाजी कृष्ण घाडगे (शौर्य चक्र) और मेजर जनरल साइरस ए.डी. पीथावाला (अशोक चक्र) के सम्मान में समर्पित किए गए हैं। इस समारोह का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल नवनीत सिंह सरना, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट, रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी और भुसावल के मंडल रेल प्रबंधक ने किया।

### भुसावल रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका

भुसावल डिवीजन लंबे समय से भारत की रक्षा रसद का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। देवलाली में स्थित मूवमेंट कंट्रोल ऑफिस (MCO) सैन्य परिवहन के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय रेलवे सैन्य विशेष रेलगाड़ियां भी चलाता है, जो सशस्त्र बलों के साथ इसकी साझेदारी को मजबूत करता है।

### वीर योद्धाओं के सम्मान में समर्पित इंजन




### लोको 38951 - सूबेदार मेजर शिवाजी कृष्ण घाडगे, शौर्य चक्र



17 मई 2001 को ऑपरेशन स्ट्राइकर-II के दौरान, किश्तवाड़ (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए सूबेदार मेजर शिवाजी कृष्ण घाडगे ने अद्वितीय वीरता दिखाई। उन्होंने अपने सैनिकों का नेतृत्व किया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। उनकी रणनीतिक दूरदर्शिता और बहादुरी के लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

### लोको 38952 - मेजर जनरल साइरस ए.डी. पीथावाला, अशोक चक्र

6 जुलाई 1981 को मणिपुर के टेच्चम क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान, 2/लेफ्टिनेंट साइरस ए.डी. पीथावाला ने दुश्मनों के खिलाफ मोर्चा संभाला। गोली लगने के बावजूद, उन्होंने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) के नेता बिशेश्वर सिंह को पकड़ लिया और रातभर अभियान चलाकर सात चरमपंथियों को ढेर किया। उनकी अद्वितीय बहादुरी के लिए उन्हें भारत के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया।




# केडीएमसी को को नई सक्शन जेटिंग मशीन

**सफाई व्यवस्था होगी बेहत,रआधुनिक तकनीक से चोकअप की समस्या का समाधान**

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) के मलनिस्सारण विभाग के तहत मलवाहिनियों, भूमिगत सीवर लाइनों और चेंबर्स की सफाई के लिए आधुनिक Suction और Jetting मशीन की व्यवस्था की गई है। यह मशीन न केवल सफाई कार्यों को प्रभावी बनाएगी, बल्कि इस प्रक्रिया में होने वाली दुर्घटनाओं को भी रोकेगी।



### रात में चलेगा सफाई अभियान

महानगरपालिका क्षेत्र के लिए दूसरी 7 टन की मशीन भी जल्द मिलने वाली है, जिसे रात की पाली में संचालित किया जाएगा। इससे कल्याण-डोंबिवली में सीवर सफाई की आधुनिक व्यवस्था लागू होगी और चोकअप की शिकायतों में कमी आने की उम्मीद है।

### महानगरपालिका को मिली नई मशीनें

महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ के प्रयासों से 18.5 टन क्षमता वाली Suction और Jetting मशीन प्राप्त हुई है, जिसमें पानी पुनर्चक्रण (Water Recycling) की सुविधा भी है। यह मशीन नगर परिषद संचालनालय, महाराष्ट्र शासन के माध्यम से मलनिस्सारण (यांत्रिकी) विभाग को उपलब्ध कराई गई है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रईस जूनियर कॉलेज में साइंस क्विज़ का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भिवंडी के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में शनिवार, 1 मार्च 2025 को इंटर-क्लास साइंस क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी के भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के करियर को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुकर्रम खान ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि असरार पठान ने अतिथियों का स्वागत और परिचय कराया। इस अवसर पर केएमई सोसायटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन, स्कूल समिति के सदस्य डा. अब्दुल हफीज अंसारी, नदीम तासे, और इस्माइल बोबडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एविएशन क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित हुए मदनमोहन गोस्वामी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई




एविएशन क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए डी-आर्क क्रिएटिव ग्रुप द्वारा नेस्को, गोरेगांव में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड समाज के वरिष्ठ समाजसेवी और डी-आर्क क्रिएटिव ग्रुप के चेयरमैन मदनमोहन गोस्वामी को सम्मानित किया गया। गोस्वामी को यह सम्मान क्रिएटिव ग्रुप के चेयरमैन और प्रसिद्ध आर्किटेक्ट प्रो. चरणजीत एस. शाह, आर्किटेक्ट गुरप्रीत एस. शाह, निदेशक अनिल बंसल और आर्किटेक्ट संजय सूर्या के हाथों प्रदान किया गया। इस सम्मान के माध्यम से एविएशन क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को सराहा गया।

# कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका ने शुरू की नई शिकायत निवारण प्रणाली

**CARE सिस्टम के तहत नागरिकों को मिलेगा त्वरित समाधान**

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) ने नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक नई शिकायत निवारण प्रणाली (CARE System) शुरू की है। यह प्रणाली EGovamanca प्रोजेक्ट के तहत कार्यरत है और इसके जरिए नागरिक संपत्ति कर, पानी की आपूर्ति, अनधिकृत निर्माण, सार्वजनिक स्वच्छता जैसी समस्याओं की शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं।

### तीन स्तरों पर होगी शिकायतों की समीक्षा




इस प्रणाली के तहत तीन स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पहले स्तर पर अधिकारी शिकायत का निवारण करेंगे। समय पर समाधान न होने पर शिकायत स्वचालित रूप से वरिष्ठ अधिकारी के पास भेज दी जाएगी।

### कैसे करें शिकायत दर्ज?

नागरिकों को पहले KDMC की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा। शिकायत दर्ज करने के लिए https://kdmc.gov.in/kdmc/grievance.html पर जाएं या KDMC 24x7 मोबाइल ऐप का उपयोग करें। समस्या का समाधान होने के बाद नागरिक अपनी प्रतिक्रिया भी दे सकते हैं।

# शिव साई महादेव मंदिर में साई भंडारे का आयोजन



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

शिव साईं महादेव मंदिर, श्लोक नगर में हर वर्ष की भांति इस साल भी धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान के माध्यम से साईं भंडारा आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में भक्तों के लिए भक्ति, सेवा और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर श्री स्वामी समर्थ भजन मंडली ने अपने भक्तिमय भजनों से माहौल को भक्तिरस से भर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे और पूरे माहौल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। भंडारे में 3000 से अधिक भक्तों ने महाप्रसाद का लाभ लिया। श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित आयोजकों ने सुचारू रूप से पूरे कार्यक्रम का संचालन किया, जिससे सभी भक्तों को आरामदायक अनुभव प्राप्त हुआ। इस आयोजन में समाजसेवी सियाराम भाई मिश्रा, अभय भाई दुबे, राजू भाई गुप्ता, शिक्षक बालगोविंद तिवारी, सचिन भाई गुप्ता सहित कई सामाजिक संगठनों के गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# खुले वातावरण में साइकिलिंग ध्यान का एक रूप: डॉ. शैलेश उमाटे

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

इनडोर जिम में साइकिल चलाने और खुले वातावरण में साइकिलिंग करने में बड़ा अंतर है। प्रमुख मनोचिकित्सक डॉ. शैलेश उमाटे ने कहा कि खुले वातावरण में साइकिल चलाना ध्यान का एक रूप है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ठाणे मनपा और वी साइकिल लवर्स फाउंडेशन ने रणरागिनी साइकिल मेले का आयोजन किया। इस दौरान नासिक से अयोध्या तक साइकिल यात्रा करने वाली राजकिशोरी लांडगे को रणरागिनी गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कविता म्हात्रे को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। मी और 3.5 किमी की दो साइकिल यात्राएं निकाली गईं, जिनमें 5 से 74 वर्ष की आयु के 350 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। साइकिल यात्रा ठाणे मनपा मुख्यालय से शुरू होकर वहीं समाप्त हुई। इसके बाद नरेंद्र बल्लाल सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह



में डॉ. शैलेश उमाटे ने साइकिलिंग और मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में करीब आठ प्रतिशत लोग मानसिक विकारों से पीड़ित हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश इलाज के लिए आगे नहीं आते। उन्होंने बताया कि व्यायाम के रूप में साइकिल चलाने से मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। डॉ. उमाटे ने कहा कि साइकिलिंग से शरीर की सभी मांसपेशियों का व्यायाम होता है और इसकी कोई आयु सीमा नहीं है। यदि कोई व्यक्ति दिन में सिर्फ 15 मिनट साइकिल चलाए, तो उसके शरीर और मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने साइकिलिंग को मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का सबसे अच्छा उपाय बताया।

# ध्वनि प्रदूषण का बढ़ता प्रचलन युवा पीढ़ी के लिए घातक: डॉ. कैलाश पवार

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ध्वनि प्रदूषण का बढ़ता प्रचलन युवा पीढ़ी के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। खासकर ईयरफोन लगाकर तेज आवाज में संगीत सुनने की आदत फैशन से ज्यादा स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने चेतावनी दी कि लगातार तेज ध्वनि के संपर्क में रहने से बहरापन स्थायी रूप से हो सकता है और हृदय रोगों का भी खतरा बढ़ सकता है।

### विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय बहरापन रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ठाणे सिविल अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ. मृणाल राहुड़, डॉ. विश्वास वासनिक और विनोद जोशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### फिटनेस टेस्ट में बहरेपन के शुरुआती लक्षण



डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि ठाणे सिविल अस्पताल में फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए आने वाले 10 में से 2-3 व्यक्तियों में बहरेपन के शुरुआती लक्षण पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि 70 से 90 के दशक में सिनेमाघरों में संगीत सुनने का एक अलग अनुभव था, लेकिन आजकल डीजे जैसी तेज आवाज में संगीत सुनना श्रवण क्षमता के लिए बेहद नुकसानदायक बन गया है।

### ईयरफोन से दुर्घटनाओं का खतरा

डॉ. पवार ने कहा कि तेज आवाज न केवल कानों को प्रभावित करती है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती है। कई मामलों में देखा गया है कि ईयरफोन लगाकर चलते समय लोग आने वाले वाहनों की आवाज नहीं सुन पाते, जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

# पश्चिम रेलवे मुख्यालय में एसआरयूसीसी की बैठक का आयोजन

**यात्री सुविधाओं और समय-सारिणी पर हुई चर्चा**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे की उपनगरीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक हाल ही में चर्चगेट स्थित मुख्यालय भवन में आयोजित की गई। बैठक में उपनगरीय रेलवे की समय-सारिणी और यात्री सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### भविष्य की योजनाओं पर जोर

इस बैठक में यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अब तक की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। पश्चिम रेलवे यात्रियों को कुशल और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### अध्यक्षता और प्रतिभागी अधिकारी

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक की अध्यक्षता पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं एसआरयूसीसी के अध्यक्ष श्री प्रकाश बुटानी ने की। बैठक में एसआरयूसीसी के प्रमुख सदस्य, पश्चिम रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रमुख, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रमुख मुद्दों पर चर्चा

बैठक में यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त लोकल ट्रेन सेवाओं की आवश्यकता, फुट ओवर ब्रिज (FOB) के निर्माण में तेजी लाने और विभिन्न उपनगरीय स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाने जैसे विषयों पर विचार किया गया।

### रेलवे सेवाओं के सुधार में सुझावों की भूमिका

एसआरयूसीसी सदस्यों के बहुमूल्य सुझाव रेलवे सेवाओं को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे।

**वृष** — आज कार्य में की गई मेहनत सफल रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मिथुन** — पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा।

**कर्क** — यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है।

**सिंह** — फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी।

**कन्या** — डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** — आपकी घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। नौकरी में योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा।

**धनु** — आज वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है।

**मकर** — आपके कार्य की समस्त बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

**कुंभ** — संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन** — आपकी बाहरी यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है।

# जानें किसी कुंडली में शनि योगकारी नहीं तो क्या करें

जब भी शनि की महादशा आती है यदि उसमें शनि की साढ़े साती आ जाए तो क्या परिणाम देती है इसका एक ही क्वेश्चन है की करेला और नीम चढ़ा।

अगर किसी की कुंडली मे शनि योगकारी नही है तो शनि की दशा 19 साल रहती है उसमे जब जब शनि की दशा, अंतर दशा, और प्रतियांतर आएंगे तो व्यक्ति परेशान होगा ही। अगर शनि की दशा के साथ ही साढ़े साती भी लग गई तो साढ़े साती अकेले ही खासकर जब शिखर पर होती है तो व्यक्ति को वहूत परेशान करती ही है। घन से स्वास्थ्य से मानसिक रूप से तनाव, अकेलापन अपने ही लोगों से मतभेद जरूर होगा या बात चित बंद यदि मेष राशि या वृश्चिक राशि है तो मृत्युलय कष्ट जरूर देखने को मिलते है । हर तरफ से निराशा ।शनि आपको तपा का सिखा कर सोना बना देता है ।

अगर शनि की दशा और साढ़े





प्रियंका जैन
9769994439

साती दोनो साथ चल रही है तो व्यक्ति के जीवन मे परेशानी आती ही है। हालांकि जिनकी कुंडली में शनि योगकारी है उनको कम परेशान करती है वल्कि जाते जाते जो व्यक्ति इस अवधि को धैर्य पूर्वक सदकार्य और मेहनत से निकाल देते है उनको पुरुस्कार भी दे जाती है जिसमे प्रमोशन, अच्छा घर मिलना, जमीन, वाहन, ठेकेदारी व्यवसाह में सफलता।

जिन भी जातकों को इस अवधि का सामना करना पड़ रहा है वह इस अवधि में जीवन मे सद आचरण करें। माता पिता, छोटे लोगों का ध्यान रखें। झूंट और मक्कारी विल्कुल न करें चाहे कोई व्यक्ति कितना भी उकसाये। क्योंकि यही शनि चाहता है कि लोग इस अवधि में गलत कार्य करें और वह व्यक्ति को सजा दें। इस कार्य मे मंगल और राहु भी साथ देते है। यानी उनकी अंतरदशा में और भी व्यक्ति पीड़ित हो जाता है। इसलिए सदा अच्छे कार्य करे मोन रहे व्यायाम करे डरे नहीं , जितना मर्जी पूजा अनुष्ठान कर को यदि आपके कर्म बुरे है तो झेलना तो पड़ेगा ही । कहीं जाने की जरूरत नहीं हनुमान जी को पकड़ लो उनकी रोज आराधना करो पीपल पर हर शनि वार सरसो का दीपक जलाएं गरीबों का भला करे ये सोच कर नहीं शनि की साढ़े साती चल रही है बल्कि सच्चे मन से सदाचारी बने कोई गलती हो गई तो शनि देव से माफी मांगे। गरीबों माता पिता मै ही उपाय है

## न्यूज़ ब्रीफ

### उत्तराखंड की नई आबकारी नीति लागू

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने 2025-26 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। लंबे समय से इस नीति पर मंथन चल रहा था, जिसे आज धामी कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी। इस नीति में स्थानीय निवासियों को विशेष लाभ देने के साथ-साथ मदिरा उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई अहम प्रावधान किए गए हैं। नई नीति के तहत उत्तराखंड में उत्पादित फलों से वाइन तैयार करने वाली इकाइयों को 15 साल तक आबकारी शुल्क से मुक्त रखा जाएगा। वहीं, मदिरा उद्योग में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक्सपोर्ट ड्यूटी में कटौती की गई है। सरकार ने इस नीति में ओवर रेटिंग की शिकायत पर लाइसेंस रद्द करने का सख्त प्रावधान किया है। पहले डिपार्टमेंटल स्टोर्स को मनमाने दाम वसूलने की छूट थी, लेकिन अब अधिकतम खुदरा मूल्य को अनिवार्य कर दिया गया है।

### सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क घर के पास पुलिस चौकी का निर्माण शुरू

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद सर्वे विवाद के बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए नई पुलिस चौकी बनाने का निर्णय लिया है। शाही जामा मस्जिद के सामने सत्यव्रत पुलिस चौकी के निर्माण के बाद अब सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के पास दीपा सराय इलाके में तीन मंजिला पुलिस चौकी बनाई जा रही है। संभल के एएसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि दीपा सराय इलाका अपराध और अवैध गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील है। यहां कई अपराधी, तस्कर और आतंकी संगठनों के सदस्य निवास करते हैं, जिनकी निगरानी के लिए चौकी का निर्माण आवश्यक था। सोमवार को एएसपी श्रीश चंद्र, असमोली सीओ कुलदीप सिंह और नखासा थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह दलबल के साथ दीपा सराय के अजमल चौक पहुंचे। अधिकारियों ने नवीन पुलिस चौकी के लिए जमीन की नापतौल की और खुदाई कार्य शुरू कराया।

### 18 लाख के इनामी नक्सली आक्रमण गंझू गिरफ्तार

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (TSPC) के सेकंड-इन-कमांड आक्रमण गंझू को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 18 लाख रुपये के इनामी इस नक्सली की गिरफ्तारी के साथ उसकी पत्नी और दो अन्य सहयोगियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

आक्रमण गंझू की निशानदेही पर पुलिस ने एम-16 समेत कई ऑटोमेटिक हथियार और गोलियां बरामद की हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरामद एम-16 रायफल पर प्रॉपर्टी ऑफ यूएस गवर्नमेंट₹ लिखा हुआ है, जिससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि यह आधुनिक हथियार नक्सलियों के पास कैसे पहुंचा। इस मामले की गहन जांच की जा रही है और आक्रमण गंझू से रिमांड पर पूछताछ की जाएगी।

# वित्त मंत्री ने पेश किया 145400 करोड़ का बजट

## बजट की आधी रकम 13 विभागों की 200 योजनाओं पर होंगे खर्च

- सोशल सेक्टर को सबसे अधिक 62,840.45 करोड़ रुपए दिये गये
- इकॉनोमिक सेक्टर के लिए 44,675.19 करोड़ रुपए और कॉमन सेक्टर के लिए 37,884.36 करोड़ रुपए आवंटित

एजेंसी । रांची

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को विधानसभा में अपना बजट पेश किया. 1,45,400 करोड़ के बजट को 3 भागों में बंटा गया है. सोशल सेक्टर को सबसे अधिक 62,840.45 करोड़ रुपए दिये गये हैं. इकॉनोमिक सेक्टर के लिए 44,675.19 करोड़ रुपए और कॉमन सेक्टर के लिए 37,884.36 करोड़ रुपए वित्त मंत्री ने आवंटित किये हैं. 1,10,636 करोड़ 70 लाख रुपए राजस्व व्यय मद में खर्च करने की बात वित्त मंत्री ने कही है. यह पिछले बजट में आवंटित राशि की तुलना में 20.48 प्रतिशत अधिक है. पूंजीगत व्यय के लिए 34,763.30 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गयी है. सरकार ने बजट में आधारभूत संरचना के विकास पर जोर दिया है. इसके लिए लिये गये ऋण को चुकाने के लिए सरकार लगातार सिंकिंग फंड में निवेश कर रही है. अब तक 2,282 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है. उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि इस वर्ष सरकार 638.13 करोड़ रुपए इस फंड में निवेश करेगी।



### लगातार बढ़ रही है सरकार की आय

वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व आय (टैक्स और नॉन-टैक्स) से सरकार की आय लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2019-20 में राज्य को अपने स्रोतों से कुल 25,521 करोड़ रुपए की आय हुई थी. वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 41,429.88 करोड़ रुपए हो गयी. वर्ष 2025-26 में इसके 61,056.12 करोड़ रुपए रहने का अनुमान वित्त मंत्री ने जताया है. वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में बिना कोई नया टैक्स लगाये राजस्व बढ़ाने के उपायों पर सरकार काम कर रही है।

### बाल बजट के लिए 9,411.27 करोड़ का प्रावधान

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि बजट का कुल योजना आकार 91 हजार 741 करोड़ 52 लाख 80 हजार रुपए है. इसमें से 13 विभागों की 200 योजनाओं के आउटकम बजट की राशि 45,855 करोड़ रुपए है, जो योजना बजट का लगभग 50 प्रतिशत है. उन्होंने कहा कि आउटकम बजट से संबंधित विभागों की 42 योजनाओं के आधार पर बाल बजट भी तैयार किया गया है. इसका उद्देश्य राज्य में बच्चों का समुचित विकास है. बाल बजट के लिए सरकार ने 9,411.27 करोड़ रुपए का प्रबंध किया है।

### आधारभूत संरचनाओं को बढ़ाने पर सरकार का जोर

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए सरकार पीपीपी, सीएसआर और बाहरी एजेंसियों के जरिये फंडिंग हासिल करने के लिए एजेंसियों को चिह्नित करेगी. संबंधित नोडल विभागों के तहत पीपीपी सेल और सीएसआर सेल को सक्रिय किया जायेगा. राज्य एवं जिला स्तर पर कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर सीएसआर मद से राशि प्राप्त करेंगे।

### 'केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपए लेने के लिए कानून का ले सकते हैं सहारा'

झारखंड के वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र पर राज्य सरकार का 1.36 लाख करोड़ रुपए का बकाया है. अगर केंद्र सरकार से इस राशि की वसूली के लिए कानून का सहारा लेना पड़ा, तो उससे भी सरकार पीछे नहीं हटेगी. वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकर पर यह राशि कोयले पर रॉयल्टी, कॉमन कॉज जजमेंट और सरकारी भूमि अधिग्रहण मद में बकाया हैं।

### स्वास्थ्य, पेयजल और सामाजिक कल्याण पर बड़ा बजट

गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 4 लाख लाभार्थियों को मातृ किट दी जाएंगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए 740.51 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 4,710.03 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### बुनियादी ढांचे और परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

झारखंड सरकार पथ निर्माण पर 5,900.89 करोड़ रुपये खर्च करेगी। साहिबगंज में नए डोमेस्टिक एयरपोर्ट और कार्गो हब के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है, वहीं टूरिस्ट सर्किट के लिए हेली शटल सेवा शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

### ऊर्जा और औद्योगिक विकास

राज्य में ग्रामीण और शहरी विद्युतीकरण के लिए 500 करोड़ रुपये और बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए 9,894.36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार 20,000 करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश लाएगी, जिससे 15,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### नगर विकास और ई-गवर्नेंस

नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए 3,577.69 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि सूचना, प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस के लिए 303.97 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# 270 शिक्षामित्रों पर गिरी गाज



- संविदा होगी समाप्त, महानिदेशक ने जारी किया आदेश

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। ये सभी शिक्षामित्र बिना अनुमति के लंबे समय से स्कूलों से अनुपस्थित थे और अन्य कार्यों में संलिप्त पाए गए।

15 जनवरी 2025 को एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने इन शिक्षामित्रों की गैरहाजिरी को लेकर खबर प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान लेते हुए महानिदेशक कंचन वर्मा ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), लखनऊ मंडल को जांच के आदेश दिए। जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद यह सख्त कार्रवाई की गई।

संविदा समाप्त होने वाले 270 शिक्षामित्र लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर-खीरी और रायबरेली जिलों में तैनात थे। महानिदेशक ने अपने आदेश में निर्देश दिया है कि ऐसे शिक्षामित्रों को तत्काल चिन्हित कर नोटिस जारी किया जाए। शिकायत सही पाए जाने पर 15 दिनों के भीतर उनकी संविदा समाप्त करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए।

छत्तीसगढ़ बजट 2025-26

# युवाओं के लिए नई भर्तियां, कॉलेज और स्टार्टअप को बढ़ावा

- नई शिक्षा पहल और संस्थानों की घोषणा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में 1.65 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसमें युवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में कई अहम घोषणाएं की गईं। बजट को ₹गति (GATI)₹ थीम पर आधारित रखा गया है, जहां G का अर्थ गुड गवर्नेंस, A का एक्सलेरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, T का टेक्नोलॉजी और I का इंडस्ट्रियल ग्रोथ है। राज्य सरकार ने 12 नए नर्सिंग कॉलेज बनाने की घोषणा की, जो बलरामपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कुरूद, जांजगीर चांपा, नया रायपुर, बैकुंठपुर, कांकेर, कोरबा और महासमुंद में स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 34 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को अपग्रेड करने के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### नौकरियों और खेल सुविधाओं का विस्तार



छत्तीसगढ़ में IIT, IIM, IIIT और NIT के बाद एक और राष्ट्रीय संस्थान खोलने की घोषणा की गई है। नया रायपुर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT) स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में 17 नई लाइब्रेरी बनाई जाएंगी, जो नालंदा परिसर की तर्ज पर होंगी। बिलासपुर, दुर्ग, जशपुर, जगदलपुर, महेंद्रगढ़ और रायगढ़ में नए फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाएंगे, जिसके लिए छह करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# आईआईटी बाबा के खिलाफ जयपुर में मामला दर्ज

- तलाशी में पुलिस को मिला गांजा

**जयपुर।** महाकुंभ से सुर्खियों में आए आईआईटी बाबा अब विवादों में घिर गए हैं। जयपुर की शिप्रा पथ थाना पुलिस ने बाबा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को तलाशी के दौरान उनके पास से गांजा बरामद हुआ, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिप्रा पथ थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि तलाशी के दौरान गांजा मिलने पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, बाबा जयपुर के रिद्धि-सिद्धि चौराहे के पास एक होटल में ठहरे हुए थे।

### सोशल मीडिया पर दी प्रतिक्रिया



मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आईआईटी बाबा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर पुलिस पर सख्ती करने का आरोप लगाया। वीडियो में उन्होंने कहा कि पुलिस दो घंटे से उन्हें परेशान कर रही है और उन्हें लाइव करने से भी मना किया गया। बाबा ने दावा किया कि गांजा भोलेनाथ का प्रसाद है और भारत में कई साधु इसका सेवन करते हैं।

### भारत छोड़ने की दी धमकी

बाबा ने अपने वीडियो में कहा कि अब तुम ही संभालो अपना सनातन। मैं किसी और देश में जाकर भी सनातन बना सकता हूं। उन्होंने आगे कहा कि भारत में साधु-संत खुलेआम बाबा प्रसाद (गांजा) का सेवन करते हैं, फिर केवल उनके खिलाफ ही कार्रवाई क्यों की गई?




# लगातार 9वें दिन गिरा निफ्टी

- निवेशकों को 3 हजार करोड़ रुपये का नुकसान

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को एक बार फिर गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी ने लगातार नौवें कारोबारी दिन लाल निशान में रहते हुए कारोबार का अंत किया। हालांकि, बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी और शुरुआती कारोबार में तेजी देखने को मिली, लेकिन बिकवाली के दबाव के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। दिन के दूसरे सत्र में कुछ खरीदारी देखने को मिली, जिससे बाजार निचले स्तर से कुछ हद तक रिकवर करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में आई कमजोरी के चलते निवेशकों को करीब 3 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार के 384.28 लाख करोड़ रुपये से घटकर 383.98 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) रह गया।

### सेक्टोरल प्रदर्शन और प्रमुख शेयरों की स्थिति



पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी बनी रही, जबकि फार्मा, ऑटो, आईटी और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, पीएसयू बैंक, ऑयल एंड गैस और मीडिया सेक्टर में बिकवाली देखने को मिली। टॉप 5 गेनर्स में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (4.52%), ग्रासिम इंडस्ट्रीज (3.07%), आयशर मोटर्स (2.79%), जेएसडब्ल्यू स्टील (2.67%) और बीपीसीएल (2.15%) शामिल रहे। वहीं, टॉप 5 लूजर्स में कोल इंडिया (2.44%), रिलायंस इंडस्ट्रीज (2.40%), बजाज ऑटो (2.38%), बजाज फिनसर्व (1.80%) और एचडीएफसी बैंक (1.78%) रहे।

### सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव

बीएसई का सेंसेक्स 229.55 अंकों की मजबूती के साथ 73,427.65 अंकों पर खुला और शुरुआती कारोबार में 451.62 अंकों की तेजी के साथ 73,649.72 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बिकवाली के दबाव से यह 865.18 अंकों की गिरावट के साथ 72,784.54 तक लुढ़क गया। पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 112.16 अंकों की गिरावट के साथ 73,085.94 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी ने 69.85 अंकों की बढ़त के साथ 22,194.55 अंकों पर कारोबार की शुरुआत की और 22,261.55 के ऊपरी स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, विदेशी निवेशकों की बिकवाली से यह 256.85 अंकों की गिरावट के साथ 22,004.70 तक गिर गया। अंत में निफ्टी 5.40 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंकों पर बंद हुआ।

# सोना बना रहेगा निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण : सीईए

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंथा नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि आने वाले वर्षों में सोना एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में निवेशकों के लिए और अधिक प्रासंगिक होगा। उन्होंने कहा कि सोना न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक उद्देश्यों के लिए बल्कि मूल्य संरक्षण और पोर्टफोलियो विविधीकरण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण बना रहेगा।



### भारत में बढ़ रहा है सोने का आयात

नागेश्वरन ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 8वें आईजीपीसी-आईआईएमए वार्षिक स्वर्ण एवं स्वर्ण बाजार सम्मेलन 2025 में कहा कि भारत में सोने का आयात लगातार बढ़ रहा है, जबकि निर्यात में गिरावट देखी जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत अपने मौजूदा स्वर्ण भंडार को उत्पादक रूप से उपयोग करने के तरीके खोजेगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि जब तक विश्व मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से किसी संगठित वैश्विक मौद्रिक प्रणाली में परिवर्तन नहीं कर लेता, तब तक सोने की परिसंपत्ति के रूप में प्रासंगिकता बनी रहेगी। गौरतलब है कि पिछले तीन महीनों में सोने की कीमत 200 डॉलर प्रति औंस (लगभग 8%) बढ़कर 2,860 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई है, जबकि इसी अवधि में भारतीय शेयर बाजारों में 8% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है।

# प्रणव कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने आईपीओ के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

## 392 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

**मुंबई/नई दिल्ली।** मुंबई स्थित रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।




### इश्यू का विवरण और बिक्री प्रस्ताव

सेबी के पास जमा दस्तावेजों के अनुसार, 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस इश्यू में 392 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, कंपनी के प्रमोटरों और निवेशकों द्वारा 28,56,869 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (Offer for Sale) की जाएगी। इसमें बायोऊर्जा इंडिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के 23,07,472 इक्विटी शेयर और रवि रामलिंगम द्वारा 5,49,397 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

### फंड के उपयोग की योजना

प्रणव कंस्ट्रक्शन लिमिटेड इस इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग सरकारी और स्टैच्यूटरी अप्रूवल, एडिशनल फ्लोर स्पेस इंडेक्स, कंपेंसेटिंग मेंबर्स के लिए आवास और अन्य परियोजनाओं को पूरा करने में करेगी। इसके अलावा, यह धनराशि पुनर्विकास परियोजनाओं और कंपनी के ऋण चुकाने में भी सहायता करेगी।

# मॉयल ने फरवरी में किया सर्वश्रेष्ठ उत्पादन, बिक्री में 3% की वृद्धि

## 1.53 लाख टन मैंगनीज अयस्क उत्पादन का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड (मॉयल) ने फरवरी में बेहतरीन प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने इस महीने 1.53 लाख टन मैंगनीज (एमएन) अयस्क का उत्पादन किया, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन है।



### बिक्री में वृद्धि और अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग में तेजी

अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के दौरान मॉयल की कुल बिक्री 14.32 लाख टन रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3% अधिक है। इसके अलावा, कंपनी ने फरवरी में 11,455 मीटर की अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग पूरी की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 43% ज्यादा है।

# 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकालेगी ओला इलेक्ट्रिक

**बेंगलुरु।** ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड 1,000 से अधिक कर्मचारियों और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। कंपनी इसके जरिए अपने बढ़ते घाटे को कम करना चाहती है। इस जॉब कट से प्रॉक्योरमेंट, फुलफिलमेंट, कस्टमर




रिलेशन्स और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई विभाग प्रभावित होंगे। मामले से परिचित लोगों ने कहा कि यह छंटनी ओला इलेक्ट्रिक की कॉस्ट कंट्रोल करने की कोशिशों का हिस्सा है। इससे पहले नवंबर 2023 में कुछ मीडिया रिपोर्टों में बताया गया था कि मार्जिन बढ़ाने और प्रॉफिटेबिलिटी की संभावनाओं में सुधार लाने के लिए रिस्ट्रक्चरिंग एफर्ट के तहत ओला इलेक्ट्रिक ने लगभग 500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

## फीफा ने पीएफएफ पर लगा प्रतिबंध हटाया

**एजेंसी । लाहौर**



विश्व फुटबॉल की नियामक इकाई फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है क्योंकि पाकिस्तान ने खेल के सुचारु संचालन के लिए अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिए हैं। फीफा ने पीएफएफ पर 5 फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधन लागू करने पर सहमति जताई।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम में चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली

**एजेंसी । दुबई**



युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिए चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण करने वाले 21 वर्षीय कोनोली को यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी।

## गेफेनी और इलिंगवर्थ पहले सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर

**एजेंसी । दुबई**



न्यूजीलैंड के क्रिस गेफेनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। इंग्लैंड के माइकल गफ तीसरे अंपायर और जिम्बाब्वे के एंडी पायक्रॉफ्ट मैच रेफरी होंगे। लाहौर में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका के कुमार धर्मसेना और ऑस्ट्रेलिया के पॉल रीफेल मैदानी अंपायर होंगे जबकि जोएल विल्सन तीसरे अंपायर और रंजन मदुगले मैच रेफरी होंगे।

## 9 मार्च से गुलमर्ग में 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेल'

**एजेंसी । श्रीनगर**



खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (केआईडटल्यूजी) 2025 के दूसरे चरण का आयोजन 9 से 12 मार्च तक गुलमर्ग में होगा। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने सोमवार को बताया कि कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले कुछ दिनों में भारी हिमपात के बाद यह फैसला लिया गया। ये खेल पहले 22 से 25 फरवरी तक होने थे लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी से इन्हें स्थगित करना पड़ा था। कश्मीर में इस साल हिमपात काफी कम हुआ है। यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग के मुकाबले होंगे।

## असम ने महिला राष्ट्रीय हॉकी में बिहार को हराया

**एजेंसी । पंचकुला**



असम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिविजन बी मैच में सोमवार को यहां ताऊ देवी लाल स्टेडियम में बिहार को 2-1 से हरा दिया। असम की कप्तान मुनमुनी दास (29वें मिनट) ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। फिर खुशबू प्रजापति (59वें मिनट) टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। बिहार के लिए 60वें मिनट में नुसरत खातून ने सांत्वना गोल किया। आंध्र प्रदेश ने डिविजन सी के मैच में जम्मू-कश्मीर पर 4-2 से जीत दर्ज की।

# भारतीय टीम 'बदला' लेने को बेताब

**एजेंसी । दुबई**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेमीफाइनल का मुकाबला 4 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। भारत की टीम अपने ग्रुप स्टेज में शानदार परफॉर्मेंस करने में सफल रही है और अपने तीनों मैच जीतकर टॉप पर पहुंची। अब भारत सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के साथ भिड़ेगा। बता दें कि 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ था तो कंगारू ने भारत को हरा दिया था। अब उस हार का बदला लेने का मौका है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारतीय टीम फाइनल में पहुंचने की कोशिश करेगी। इस मैच में दोनों टीमें जीत के लिए जोर-आजमाईश करेगी, जिससे वो फाइनल खेल सके। ऐसे में मंगलवार को होने वाला यह मैच काफी दिलचस्प होने वाला है। इसके अलावा आईसीसी वनडे नॉकआउट में दोनों टीमों के बीच कुल 6 मैच हुए हैं जिसमें भारत को तीन मैचों में जीत तो वहीं, ऑस्ट्रेलिया को तीन मैचों में जीत मिली है। यानी नॉकआउट मुकाबले में दोनों टीमें इस समय बराबरी पर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अबतक कुल 151 वनडे मैच खेले गए हैं जिसमें भारत को 57 मैचों में जीत और ऑस्ट्रेलिया को 84 मैचों में जीत मिली है। 10 मैच बिना परिणाम का रहा है।

## पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी भारतीय टीम

## नॉकआउट मैचों में 6 बार आमने-सामने हुई है टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया



### 'रोको' से रहेगी उम्मीद

विराट कोहली और रोहित शर्मा से सेमीफाइनल में बहुत उम्मीद रहेगी। दोनों खिलाड़ियों का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार रहा है। 45 मैच खेले हैं और कुल 2379 रन बनाने में सफलता हासिल की है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित ने वनडे में अबतक कुल 8 शतक लगाए हैं। वहीं, दूसरी ओर विराट कोहली का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कमाल का रहा है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में अबतक 49 मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम 2367 रन दर्ज है। वहीं, 8 शतक कोहली ने भी वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाने में सफलता हासिल की है।

### वनडे में भारत और ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को आईसीसी इवेंट में तीन ऐसी हार दी है जिसे फैन्स आजतक नहीं भूल पाए हैं। सबसे पहले 2003 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था, गांगुली की कप्तानी में भारत को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में बुरी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 2015 के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद को तोड़ दिया था। इसके बाद फिर भारत को सबसे करारी हार 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में मिली। भारतीय टीम मेजबान टीम थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में हराकर भारत के तीसरी बार विश्व कप जीतने के सपने को तोड़ दिया था।

### नॉकआउट में भारत और ऑस्ट्रेलिया

| | |
|---|---|
| 1998 CT QF | IND जीता |
| 2000 CT QF | IND जीता |
| 2003 WC फाइनल | AUS जीता |
| 2011 WC QF | IND जीता |
| 2015 WC SF | AUS जीता |
| 2023 WC फाइनल | AUS जीता |

### टीमें

- **भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह
- **ऑस्ट्रेलिया:** मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, एडम जम्पा, स्पेंसर जॉनसन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, तनवीर संघा

### दुबई की पिच का मिजाज?

दुबई की पिच पर इस टूर्नामेंट में अभी तक जितने भी मैच हुए हैं उनमें किसी में भी बड़ा स्कोर देखने को नहीं मिला है। किसी भी मैच में 250 के पार कोई भी टीम नहीं गई है। सबसे ज्यादा स्कोर 249 रन भारत ने ही न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया है। यानी ये बात है कि बल्लेबाजों को इस पिच पर परेशानी आने वाली है। रन बनाना आसान नहीं है। इसका कारण पिच का धीमा मिजाज। यहां की पिच काफी धीमी है और इसलिए रन बनाना मुश्किल होता है। गेंद बल्ले पर आसानी से नहीं आती है। ऐसे में बड़ा स्कोर होने की उम्मीद कम ही है। हालांकि, दोनों टीमों के पास तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के पास ट्रेविस हेड हैं जो तूफानी रफ्तार में बल्लेबाजी करते हैं। उनके अलावा ग्लेन मैक्सवेल का नाम भी शामिल है। इसलिए अगर रनों का बारिश भी हो जाए तो हैरानी नहीं। नजर इस बात पर भी होगी कि क्या पिच बदलेगी? क्या सेमीफाइनल को देखते हुए बल्लेबाजों को राहत दी जाएगी ताकि फैंस को चौके-छक्कों की बारिश देखने को मिल सके। इसकी उम्मीद कम ही है।

### स्पिन ऑलराउंडर कूपर कोनोली ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

ऑस्ट्रेलिया ने चोटिल ओपनर मैथ्यू शॉर्ट की जगह ऑलराउंडर कूपर कोनोली को टीम में शामिल किया है। शॉर्ट को 28 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में चोट लग गई थी। जिसके कारण वे टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए। कोनोली स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर हैं, दुबई की पिच पर उनका होना टीम की स्ट्रेंथ बढ़ा रहा है। टीम 4 मार्च को भारत के खिलाफ दुबई में ही सेमीफाइनल खेलेगी। यहां की पिच पर स्पिन गेंदबाजों को बहुत ज्यादा मदद देखने को मिली है।

## विश्व कप क्वालिफायर में मेसी संभालेंगे अर्जेंटीना की कमान



**एजेंसी । ब्यूनस आयर्स**

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है। टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं। इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जायेगा । इसके चार दिन बाद विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम ब्यूनस आयर्स में ब्राजील से खेलेगी।

## प्रज्ञानानंदा-अरविंद ने ड्रॉ खेला, एकल बढ़त बरकरार



प्राग मास्टर्स में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

**एजेंसी । प्राग**

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने भारत के अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ दोनों खिलाड़ियों के पास पूरे एक अंक की बढ़त बरकरार है। प्रज्ञाननंदा और अरविंद के 3.5 अंक हैं, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेइ यि, नीदरलैंड्स के अनीश गिरि, वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर उनसे एक अंक पीछे हैं।

### अन्य मुकाबलों का हाल

बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं, जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किये के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकला, जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश गिरि ने डेइ वान से ड्रॉ खेला, जबकि डेविड नवारा ने केमेर को रोका। ली और एडिज का मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

## KKR की कप्तानी करेंगे अजिंक्य रहाणे

### 23.75 करोड़ में बिके वेंकटेश अय्यर उपकप्तान बनाए गए

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने IPL के 18वें सीजन के लिए अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाया है। मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए में बिके वेंकटेश अय्यर उप कप्तान बनाए गए हैं। टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में 2024 के सीजन में चैंपियन बनी थी, उन्हें इस बार ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया।डिफेंडिंग चैंपियन KKR इस बार अपने होम ग्राउंड पर RCB के खिलाफ मैच से अभियान का आगाज करेगी। KKR के खिताब जीतने की वजह से ही इस बार का क्वालिफायर-2 और फाइनल भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में ही खेला जाएगा। अंजिक्य रहाणे KKR के 9वें कप्तान होंगे।

## फ्रांस में भारतीय ग्रैंडमास्टर का जलवा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने कॉन इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। फ्रांस में खेले गए इस टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में उन्होंने अपने हमवतन वी प्रनेश को हराकर 7.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे, जबकि विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक को टाईब्रेक के आधार पर तीसरा स्थान मिला।

### छह मुकाबले जीते, 12 रेटिंग अंक मिले

इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत के साथ उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले, जिससे वे 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। फिलहाल उनके 2579 ईएलओ अंक हैं। टूर्नामेंट में 25 देशों के 147 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज सक्सेस



फिल्म सनम तेरी कसम 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। हालांकि, तब फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया था। लेकिन अब 9 साल बाद फिल्म को ऑडियंस काफी पसंद कर रही है। फिल्म की री-रिलीज सक्सेस पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा हुसैन का रिएक्शन सामने आया है। हाल ही में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा हुसैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म की वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा कि फिल्म को इतना अच्छा परफॉर्म करते देखना बिल्कुल मैजिकल है। सनम तेरी कसम की री-रिलीज वाकई अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म की री-रिलीज की कमाई को देखकर ये पता चलता है कि वक्त से पहले और नसीब से ज्यादा नहीं मिल सकता। मावरा ने लिखा- 'इन तीन हफ्तों में आपने फिल्म को जो प्यार दिया उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं।

एक्ट्रेस ने शेयर किया कि फिल्म मेकर्स ने फिल्म के सक्सेस न होने को काफी पॉजिटिव तरह से लिया था। मावरा ने लिखा- मेरी फिल्म के मेकर्स के लिए मैं बहुत-बहुत खुश हूं कि आपने हमेशा असफलता का सामना किया और मुस्कुराते रहे। यह आपके सब्र और अच्छे दिल का नतीजा है। मावरा हुसैन ने अपनी इस पोस्ट के जरिए फिल्म के सभी कलाकारों और क्रू का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा- विनय सर और राधिका मैम ने मुझे काफी कुछ सिखाया। मुझे इतना कुछ सिखाने के लिए शुक्रिया।

## बी हैप्पी में बेटी के सपने को सच करते दिखे अभिषेक बच्चन

डांस मास्टर और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के निर्देशन में बनी फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी प्रभावित करने वाला नजर आ रहा है, जिसमें एक बच्ची के डांस के सपनों के संघर्षों की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही मुख्य भूमिका में हैं।



### डांस के जूनून की कहानी

अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर प्राइम वीडियो के यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। इसके ट्रेलर की अवधि 2 मिनट 18 सेकेंड है। फिल्म की कहानी एक बच्ची के आस-पास घूमती है, जो डांसर बनना चाहती है। अभिषेक बच्चन बच्ची के पिता के रूप में नजर आते हैं, जो उसका सपना सच करने की कोशिश करते हैं। इसके लिए अभिनेता डांस भी सीखते हैं। फिल्म का निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया है। 'बी हैप्पी' फिल्म का ट्रेलर अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है।

**97वीं ऑस्कर अवॉर्ड**

## एड्रियन ब्रॉडी बेस्ट एक्टर

### माइकी मेडिसन बेस्ट एक्ट्रेस और अनोरा बेस्ट पिक्चर

97वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में 23 कैटेगरी में ऑस्कर विजेताओं का अनाउंसमेंट हो चुका है। फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए एड्रिअन ब्रॉडी ने बेस्ट एक्टर और फिल्म अनोरा के लिए मिकी मेडिसन ने बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर जीता। इस साल सबसे ज्यादा 5 अवॉर्ड फिल्म अनोरा ने बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में जीते। वहीं दूसरे नंबर पर फिल्म द ब्रूटलिस्ट को 3 अवॉर्ड मिले हैं।



### नमित मल्होत्रा की DNEG के 3 लोगों को ऑस्कर

ड्यून :पार्ट- 2 के विजुअल इफेक्ट के लिए पॉल लैंबर्ट, स्टीफन जेम्स, रीस साल्कोम्ब और गर्ड नफ्जर ने ऑस्कर जीता है। DNEG के VFX सुपरवाइजर स्टीफन जेम्स और रीस सालकोम्ब ने प्रोडक्शन VFX सुपरवाइजर पॉल लैम्बर्ट और स्पेशल इफेक्ट्स सुपरवाइजर गर्ड नेफ्जर के साथ मिलकर ये बड़ा अवॉर्ड अपने नाम किया है। इस पर DNEG के फाउंडर ने खुशी जाहिर कर कहा, हमारी टीम के लिए इस साल 'ड्यून: पार्ट-2' के विजुअल इफेक्ट्स के लिए ऑस्कर जीतना एक जबरदस्त उपलब्धि है और हमारे सफर में एक और बड़ा माइलस्टोन है। 2011 से अब तक यह हमारा आठवां VFX ऑस्कर है, जो DNEG की क्रिएटिव और टेक्निकल लीडरशिप को साबित करता है।

### 5 ऑस्कर जीतने वाली फिल्म अनोरा एक सेक्स वर्कर की कहानी

सीन बेकर के डायरेक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अनोरा एक रशियन-अमेरिकी सेक्स वर्कर (स्ट्रिपर) पर आधारित है। अनोरा मिखीवा स्ट्रिपर है। एक रशियन बिजनेसमैन का बेटा वान्या भी अमेरिका (ब्रूकलिन, न्यूयॉर्क) पढ़ने आया हुआ है। वान्या को रशियन समझने वाले शख्स की जरूरत है। इसी दौरान अनोरा की मुलाकात वान्या से होती है। वान्या, अनोरा को अपने साथ एक हफ्ता गुजारने के 15 हजार डॉलर देने का कहता है। बाद में वान्या, अनोरा के सामने शादी का प्रस्ताव रख देता है। कांस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को पाम डिओर अवॉर्ड मिल चुका है। 21 मई 2024 को रिलीज हुई ये फिल्म 6 मिलियन डॉलर (52 करोड़) में बनी थी, जिसने 41 मिलियन डॉलर (358 करोड़ रुपए) का कलेक्शन किया।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



न्यूज़ ब्रीफ

## प्रतिबंधित CPI (M) के 14 मेंबर्स का सरेंडर

**कोठागुडेम।** प्रतिबंधित CPI (M) के 14 मेंबर्स ने तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में सरेंडर किया। सभी ने जिले के पुलिस अधीक्षक के सामने हथियार डाले। पुलिस ने बताया कि इस साल जनवरी में आत्मीय सम्मेलन नाम से एक मीटिंग करवाई थी। इसमें अंडरग्राउंट कैडर और सरेंडर कर चुके माओवादियों के परिजनों ने हिस्सा लिया था। इस मीटिंग में माओवादियों के सरेंडर करने के बाद उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई थी। तब से अब तक बीते दो महीनों में करीब 44 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं।

## इमरान प्रतापगढ़ी की याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की उस याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया है जिसमें उन्होंने गुजरात हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है। इसमें उनके सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में FIR रद्द करने से इनकार किया गया था। इमरान प्रतापगढ़ी पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में एक ऐसा वीडियो साझा किया जिसमें एक गीत था जिसे साम्प्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने वाला माना गया।

## सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने की प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय) नियम, 2009 के कुछ नियमों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि केंद्र 6 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करे। दरअसल, सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की दायर याचिका में कहा गया है कि X (पहले ट्विटर) जैसे प्लेटफॉर्म से सूचना हटाने से पहले इसके सोर्स (जिसने सूचना शेयर की है) को नोटिस दिया जाना चाहिए।

## गुजरात के अफसरों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात सरकार के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार किया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि अधिकारियों ने कथित तौर पर सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त किया। जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। बेंच ने कहा, आप हाईकोर्ट क्यों नहीं जाते? हर मामले में हमारे लिए यहां से निगरानी मुश्किल होगा।

## बजट सत्र 24-26 मार्च के बीच होगा : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं।

# न्यायिक सेवाओं में भेदभाव नहीं होना चाहिए: सुको

## सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए न्यायिक सेवा में अवसर बढ़ाए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसले में कहा कि किसी भी व्यक्ति को केवल उनकी शारीरिक अक्षमता के कारण न्यायिक सेवा भर्ती से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के साथ न्यायिक सेवा की परीक्षाओं में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए और राज्य को उन्हें उचित वातावरण प्रदान करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि कोई भी उम्मीदवार केवल उसकी दिव्यांगता के कारण ज्यूडिशियल सर्विस से वंचित नहीं किया जा सकता। सभी पात्र दिव्यांग उम्मीदवारों को उचित अवसर और सुविधाएं दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियमों के उस प्रावधान को निरस्त कर दिया, जो दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले (Low Vision) उम्मीदवारों को न्यायिक सेवा से वंचित करता था। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायिक सेवाओं की चयन प्रक्रिया में कोई भी अप्रत्यक्ष भेदभाव, जैसे उच्च कटऑफ या अन्य बाधाएं, समाप्त की जानी चाहिए ताकि वास्तविक समानता सुनिश्चित की जा सके।



### दृष्टिबाधित उम्मीदवार की मां ने सीजेआई को भेजी थी चिट्ठी

इस मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ को एक दृष्टिबाधित उम्मीदवार की मां द्वारा भेजे गए पत्र से शुरू हुई थी। कोर्ट ने इस लेटर को संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका में बदल दिया और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, राज्य सरकार और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। मार्च 2024 में शीर्ष अदालत ने यह देखा था कि मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा 2022 में दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षण उपलब्ध नहीं था, जो कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 के सिद्धांतों का उल्लंघन था। सीनियर वकील गौरव अग्रवाल मामले में कोर्ट सलाहकार बनाए गए थे। उन्होंने तर्क दिया था कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत सरकारी सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण का प्रावधान लागू होता है, और इसमें न्यायिक अधिकारियों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### मध्य प्रदेश के नियमों में बदलाव, दृष्टिबाधितों को मिलेगा मौका

अदालत ने पूछा था कि क्या दृष्टिबाधित न्यायाधीशों के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण आवश्यक होगा। इस पर कोर्ट सलाहकार ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों और उनके सहकर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण और जागरूकता की आवश्यकता होती है एक्सपर्ट कमिटी ने निष्कर्ष निकाला कि दृष्टिबाधित व्यक्ति, जिनमें दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले शामिल हैं और वह ज्यूडिशियल वर्क कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब दिव्यांग उम्मीदवारों को न्यायिक सेवाओं में भाग लेने का पूरा अवसर मिलेगा।

हिमानी नरवाल हत्याकांड

# दोस्त ने किया हिमानी नरवाल का मर्डर

पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा



**एजेंसी । रोहतक**

हरियाणा के रोहतक जिले में कांग्रेस युवा नेता हिमानी नरवाल की हत्या के आरोप में उसके ब्वॉयफ्रेंड का गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले से शादीशुदा है, उसके दो बच्चे हैं। वह दिल्ली के नांगलोई में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। उसकी पूरी कुंडली पुलिस ने खोलकर रख दी, जिसमें खुलासा हुआ कि आरोपी ने इंस्टाग्राम पर मृतक महिला नेता से बातचीत शुरू की थी, जिसके बाद धीरे-धीरे उसे अपने प्यार के जाल में फंसाया और उसकी हत्या को अंजाम दिया।

### क्या है पूरा मामला?

एडीजीपी के मुताबिक 1 मार्च को पुलिस को गश्त के दौरान एक बैग मिला, जिसमें महिला का शव था। रोहतक पुलिस ने 8 टीमें बनाई जिसमें SIT भी बनाई गई। महिला की शुरुआत में पहचान नहीं हुई थी। लोगों ने पहचान की, तो हिमानी नरवाल नाम आया। जो आरोपी है डेढ़ साल से इंस्ट्राग्राम सोशल मीडिया से इनके संपर्क में था और इसका घर में आना जाना था। झगड़ा होने पर इसे मोबाइल तार से मार दिया। पहले ज्वेलरी लेकर गया था बाद में रात को स्कूटी लेकर आया और फिर वहां ऑटो लेकर आया। शव को लेकर सांपला बस स्टैंड में फेंक करके आया। पुलिस ने कहा कि इसे रिमांड पर लिया जाएगा। मृतक हिमानी और सचिन डेढ़ साल से रिलेशन में थे।

### कौन है हिमानी हत्याकांड का आरोपी सचिन

कांग्रेस महिला नेता की हत्या के मामले में पुलिस ने सचिन नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सचिन बहादुरगढ़ के खैरपुर गांव का रहने वाला है। उसकी उम्र 32 साल है और उसके दो बच्चे हैं। तकरीबन 10 साल पहले ज्योति नाम की महिला से लव मैरिज की थी। सचिन के पिता ड्राइवर हैं और वह खुद कनौदा गांव में एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। आरोपी के दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी ज्योति 4 साल के बेटे और 8 साल की बेटी के साथ दो दिन पहले मायके चली गई थी।

### आरोपी क्या बोला?

पुलिस पूछताछ में आरोपी सचिन ने बताया कि इनका झगड़ा हुआ था। शाम को 5 बजे के आसपास पैसे के लेनदेन और दूसरी वजह से झगड़ा हुआ। ब्लैकमेल से लेकर सारी चीजें सामने आई हैं, कस्टडी में जानकारी ली जाएगी। युवक कहना है कि हिमानी उससे पैसे मांग रही थी। उसे वेरीफाई कर रहे हैं। आरोपी का कहना है कि रुपयों के लेनदेन को लेकर बात बढ़ गई थी।

# देश में 6300 डॉल्फिन, यूपी समेत 8 राज्यों में हुआ सर्वे

नदी में डॉल्फिन की संख्या पर रिपोर्ट जारी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान देश में पहली बार नदी में डॉल्फिन की संख्या का अनुमान लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की नदियों में कुल 6,327 डॉल्फिन होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री ने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कोयंबटूर के एसएसीओएन में मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का एलान भी किया।

# तमिलनाडु के लोग जल्द बच्चा पैदा करें : स्टालिन

## फैमिली प्लानिंग पॉलिसी राज्य के लिए नुकसानदायक

**स्टालिन ने चर्चा करने के लिए 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई**



**एजेंसी । चेन्नई**

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य के लोगों से जल्द से जल्द बच्चे पैदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा- पहले हम कहते थे, आराम से बच्चे पैदा करो, लेकिन अब हालात बदल गए हैं, इसलिए तुरंत बच्चे पैदा करने की जरूरत है। राज्य में जनसंख्या के आधारित परिसीमन होने से राज्य की लोकसभा सीटें घट सकती हैं, जिससे राज्य का पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन कम हो जाएगा। तमिलनाडु की सफल फैमिली प्लानिंग पॉलिसी अब राज्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। स्टालिन ने तमिलनाडु के भविष्य पर चर्चा करने के लिए 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने सभी विपक्षी दलों से इसमें शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी।

### परिसीमन क्या है?

दरअसल, स्टालिन सोमवार को नागपट्टिनम जिले के पार्टी सेक्रेटरी की वेडिंग एनिवर्सरी में शामिल होने पहुंचे थे। यहीं पर उन्होंने राज्य की जनता से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की। 25 फरवरी को भी स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया था कि तमिलनाडु में फैमिली प्लानिंग पॉलिसी को सफलतापूर्वक लागू करने से राज्य अब नुकसान की स्थिति में है।

# बीपी की दवा थियाजाइड से बेहोशी के मामले ज्यादा

## प्रकाशित शोध में यह जानकारी सामने आई

**एजेंसी । नई दिल्ली**



उच्च रक्तचाप (बीपी) के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा थियाजाइड के खतरे भी कम नहीं हैं। इस दवा को लंबे समय तक लेने वालों में बेहोशी छाने के मामले ज्यादा पाए गए हैं। दवा से कई छोटे-मोटे दुष्प्रभाव भी देखे गए हैं। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में शोध प्रकाशित शोध में यह जानकारी सामने आई है। गुजरात के जामनगर मेडिकल कॉलेज और नरेंद्र मोदी मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद के एक दर्जन से अधिक शोधकर्ताओं ने 2019 से 2024 के बीच इस दवा पर अध्ययन किया। अध्ययन के दौरान 236-236 लोगों के दो समूह बनाए गए। एक समूह को थियाजाइड दी गई, जबकि दूसरे समूह को नहीं।

### ये निष्कर्ष निकले

1. थियाजाइड ले रहे 236 लोगों में से 76 लोग (32.2 फीसदी) बेहोश हुए, जबकि दवा न लेने वाले समूह में यह आंकड़ा 19.5 फीसदी (46 लोग) रहा। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि इस दवा का सेवन करने वाले लोगों में बेहोशी की घटनाएं अधिक हो रही हैं।
2. शोध में यह भी सामने आया कि जो लोग कभी थियाजाइड नहीं लेते थे, उनमें बेहोशी की घटनाएं 19.2 फीसदी थीं। एक साल से दवा लेने वालों में यह दर 22.5 फीसदी तक बढ़ी, जबकि 1-2 साल तक सेवन करने वालों में यह आंकड़ा 33.3 फीसदी तक पहुंच गया। वहीं, जो लोग दो साल से अधिक समय से इस दवा का इस्तेमाल कर रहे थे, उनमें 35.9 फीसदी को बेहोशी की समस्या हुई।

# होली पर फीकी होगी गुजिया की मिठास!

**एजेंसी । नई दिल्ली**

## चीनी का उत्पादन 14 प्रतिशत गिरा



आने वाले दिनों में चीनी की मिठास लेने के लिए आपको ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ सकता है। इसके पीछे की वजह देश के चीनी उत्पादन में गिरावट होना है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी के अंत तक देश में चीनी उत्पादन में करीब 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू के चलते भी गन्ने का रस कम हो सकता हैं। इससे भी चीनी उत्पादन में गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसे में देशभर के बाजार में चीनी के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

### चीनी के दाम 6.5 प्रतिशत तक बढ़े

चीनी के कारोबार से जुड़े जानकारों का कहना है कि, चीनी के कम उत्पादन का असर बाजार में भी दिखने लगा है। अब तक चीनी के दाम 6.5 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। एस ग्रेड चीनी की कीमत अब 3800 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गई है, जो पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा है। अगर उत्पादन में गिरावट जारी रही और हीट वेव ने गन्ने को और नुकसान पहुंचाया, तो चीनी के दामों में और तेजी आ सकती है। लेकिन क्योंकि गर्मियों में मांग बढ़ने के साथ-साथ आपूर्ति कम रहने की आशंका है, जिससे बाजार में चीनी की कीमतें नया रिकॉर्ड बना सकती हैं।

### चीनी उत्पादन 14 प्रतिशत गिरा, 177 फैक्ट्रियां बंद

दरअसल, अभी चीनी उत्पादन 14 प्रतिशत गिरा है। 177 फैक्ट्रियां बंद हुईं। वहीं, भीषण गर्मी के साथ हीट वेव का खतरा मंडरा रहा है। चीनी के दाम पहले ही 6.5 प्रतिशत बढ़े हुए नजर आ रहे है। 3800 रुपये प्रति क्विंटल पहुंचा एस ग्रेड चीनी का दाम है। इससे आने वाले महीनों में चीनी और महंगी होने की उम्मीद है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर दिखाई दे सकता है। क्योंकि चीनी के महंगे होने से कई प्रोडक्ट का दाम बढ़ना तय है। जानकारी के अनुसार, फरवरी 2025 के अंत तक 219 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। पिछले साल इसी समय तक यह आंकड़ा 255 लाख टन था यानी इस साल 36 लाख टन कम उत्पादन हुआ है। इस साल अब तक 177 चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं। जबकि पिछले साल फरवरी तक सिर्फ 65 फैक्ट्रियां बंद हुई थीं। इसका साफ मतलब है कि उत्पादन की रफ्तार इस साल काफी धीमी रही है।

रेलवे | सरकारी मंजूरी के बिना ₹1,000 करोड़ तक निवेश कर पाएंगी

# IRCTC और IRFC को सरकार ने दिया नवरत्न कंपनी का दर्जा

**निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IRCTC) 25वीं और इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (IRFC) 26वीं नवरत्न कंपनी बन गई है। सरकार ने सोमवार (3 मार्च) को इन दोनों कंपनियों को नवरत्न सेंट्रल पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज में अपग्रेड कर दिया। नवरत्न का दर्जा मिलने से इन दोनों रेलवे सेक्टर से जुड़ी कंपनियों को ज्यादा वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी। अब ये कंपनियां सरकार की मंजूरी के बिना 1,000 करोड़ रुपए तक का निवेश कर पाएंगी। इससे उनकी निर्णय लेने की क्षमता में तेजी आएगी।



### तीन ग्रुप में कैटेगराइज होती हैं सरकारी कंपनियां

**महारत्न:** नवरत्न कंपनियों को ही अपग्रेडेशन के आधार पर महारत्न का दर्जा मिलता है। इसके लिए पिछले तीन सालों का औसतन टर्नओवर 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होना चाहिए और औसत प्रॉफिट 2500 करोड़ रुपए होना जरूरी है। इन कंपनियों का ग्लोबल प्रजेंस होना भी जरूरी है।

**नवरत्न:** मिनिरत्न कंपनियों को ही अपग्रेडेशन के आधार पर नवरत्न का दर्जा मिलता है। इन कंपनियों की नेटवर्थ पॉजिटिव होनी चाहिए। मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग में पिछले पांच वर्षों में से तीन में ३एक्सिलेंटर या ३वेरी गुड३ रेटिंग होनी चाहिए। परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स पर कम से कम 60 अंक होने चाहिए।

**मिनिरत्न:** इन कंपनियों को नवरत्न और महारत्न कंपनियों से छोटी माना जाता है। मिनीरत्न के रूप में क्लासिफाई होने के मानदंड भारत में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज (डीपीई) द्वारा निर्धारित किए जाते है।

### अश्विनी वैष्णव ने दी बधाई

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में आईआरसीटीसी और आईआरएफसी की टीमों को 'नवरत्न' का दर्जा मिलने में योगदान देने के लिए बधाई दी। अश्विनी वैष्णव ने अपनी पोस्ट में कहा, 'टीम आईआरसीटीसी और टीम आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर बधाई।'

### कैसी है वित्तीय स्थिति?

आईआरसीटीसी रेलवे मंत्रालय का एक सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) है, जिसका वार्षिक कारोबार 4,270.18 करोड़ रुपये, टैक्स के बाद मुनाफा (PAT) 1,111.26 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नेटवर्थ 3,229.97 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, सार्वजनिक उद्यम विभाग ने एक अलग पोस्ट में यह भी कहा कि आईआरएफसी रेलवे मंत्रालय का एक सीपीएसई है, जिसका वार्षिक कारोबार 26,644 करोड़ रुपये, टैक्स के बाद मुनाफा (PAT) 6,412 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नेटवर्थ 49,178 करोड़ रुपये है।

टेरर फंडिंग मामला

# इंजीनियर रशीद ने संसद सत्र में शामिल होने की मांगी अनुमति

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पटियाला हाउस अदालत ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपी और सांसद इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने की अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच मार्च का दिन तय किया है।

याचिका में कहा गया है कि इंजीनियर रशीद एक सांसद हैं। उन्हें जिन लोगों ने चुना है, उनके प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए संसद की सत्र में हिस्सा लेने की आवश्यकता है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से शुरु हो रहा है जो चार अप्रैल को खत्म होगा। बता दें कि इसके पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने इंजीनियर रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दो दिन पेरोल पर रिहा करने की अनुमति दी थी। रशीद ने उच्च न्यायालय में दाखिल जमानत याचिका 24 फरवरी को वापस ले ली थी। उच्च न्यायालय ने पटियाला हाउस अदालत के स्पेशल एनआईए कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई कर फैसला करें।